सुविचार
अगर कुछ गलत हो रहा है तो उससे भागने की बजाए उसे ठीक करें तभी आगे बढ़ पाएंगे।

Daily
# THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
Published from Ranchi

Ranchi ● Tuesday, 25 July 2023 ● Year : 01 ● Issue : 189 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : 3 ● www.thephotonnews.com
E-Paper : epaper.thephotonnews.com



08
जरा हटके जरा बचके की सफलता के बाद...

**SHARE**

| | | |
|---|---|---|
| संसेक्स | : | 66,384.78 |
| निफ्टी | : | 19,672.35 |

**SARAFA**

| | | |
|---|---|---|
| सोना | : | 5,660 |
| चांदी | : | 80.05 |

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

**BRIEF NEWS**

### आज कैबिनेट की बैठक में मॉब लिंचिंग विधेयक को मिल सकती स्वीकृति

**RANCHI :** राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक मंगलवार 25 जुलाई को होगी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में होनेवाली इस बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये जायेंगे। अगामी 28 जुलाई से मॉनसून सत्र को लेकर भी इसमें फैसले होंगे। मॉब लिंचिंग संशोधित विधेयक 2023 , अनुपूरक बजट को भी कैबिनेट की बैठक में स्वीकृति दी जा सकती है। शाम चार बजे से प्रोजेक्ट भवन सभागार में होनेवाली इस बैठक में नगर विकास विभाग के कुछ प्रस्तावों पर भी मंजूरी मिलेगी। बासुकीनाथ जलापूर्ति, मिहिजाम में कुष्ठ रोगियों के लिए आवास निर्माण, रांची-आदित्यपुर में हाउसिंग सोसाइटी निर्माण के लिए परामर्शी का चयन सहित कई सड़क और ब्रिज निर्माण की भी योजना शामिल है।

### दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा- हर नागरिक को पासपोर्ट रखने का कानूनी अधिकार

**NEW DELHI :** दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा है कि पासपोर्ट रखना हर नागरिक का कानूनी अधिकार है और प्राधिकारी महज पासपोर्ट के दुरूपयोग की आशंका पर इसका नवीनीकरण करने से इनकार नहीं कर सकते। अदालत ने यह टिप्पणी पासपोर्ट में उल्लेखित जन्मतिथि में बदलाव करने का आग्रह करने वाले भारतीय नागरिक की याचिका पर सुनवाई के दौरान की। दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा कि यात्रा दस्तावेज से इनकार करना एक नागरिक के अधिकारियों को गंभीर रूप से बाधित करता है और अधिकारी कानून में बताए गए आधार पर ही पासपोर्ट का नवीनीकरण करने से इनकार कर सकते हैं या इसे रद्द कर सकते हैं।


### हरिद्वार में गंगा का जलस्तर चेतावनी निशान के पार

**HARIDWAR :** एक सप्ताह के बाद सोमवार को हरिद्वार में गंगा का जलस्तर एक बार फिर खतरे के निशान को पार कर गया। शाम 7 बजे हरिद्वार के भीमगोड़ा बैराज पर गंगा का जलस्तर 293.15 मीटर रिकॉर्ड किया गया है। दूसरी ओर मौसम विभाग द्वारा अगले 4 दिनों तक बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी करने से जनपद सहित आगे के मैदानी क्षेत्रों में बाढ़ एवं जलभराव की आशंका बढ़ गई है। जिलाधिकारी ने जनपद की सभी बाढ़ चौकियों को अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश दिए हैं। सिंचाई विभाग के एसडीओ शिव कुमार कौशिक ने बताया कि दोपहर के समय से गंगा का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है।

# ज्ञानवापी के ASI सर्वे पर सुप्रीम कोर्ट ने लगाई रोक

## मुस्लिम पक्ष को राहत, हिंदू पक्ष बोला- हम भी हाईकोर्ट जाएंगे

**AGENCY NEW DELHI :** जिला जज डॉ. अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत के निर्देश पर सोमवार की सुबह से शुरू ज्ञानवापी परिसर के एएसआई सर्वे पर सुप्रीम कोर्ट ने 26 जुलाई तक रोक लगा दी है। देश के उच्चतम न्यायालय (सुप्रीम कोर्ट) ने मुस्लिम पक्ष अंजुमन इंतेजामिया मसाजिद कमेटी को हाईकोर्ट जाने के लिए भी कहा है। हिन्दू पक्ष ने सुप्रीम कोर्ट के दो दिन के स्टे पर कहा है कि हम भी हाईकोर्ट जाएंगे और मसाजिद कमेटी की याचिका पर आपत्ति दर्ज कराएंगे। इस संबंध में वाराणसी कमिश्नर कौशलराज शर्मा ने पत्रकारों को बताया कि हम सुप्रीम कोर्ट के आदेश का पालन करेंगे। उन्होंने बताया कि उच्चतम न्यायालय के ज्ञानवापी सर्वे केस में एएसआई को 26 जुलाई तक सर्वे रोकने का निर्देश प्राप्त हुआ है। इसके क्रम में सर्वे की कार्यवाही 26 जुलाई की शाम तक तत्काल प्रभाव से रोक दी गई है। उधर,



सुबह से ज्ञानवापी में एएसआई के सर्वे में मस्जिद परिसर की नापजोख के साथ फोटोग्राफी की गई। नींव के पास खोदाई कर मिट्टी और ईंट-पत्थर के टुकड़े सैंपल के तौर पर एएसआई ने लिया। मशीनों से दीवारों को स्कैन करने के साथ कागज लगा कर उनका सैंपल भी टीम ने लिया। 43 सदस्यीय एएसआई टीम ने शुरूआती दौर में परिसर के हर पत्थर और ईंट की ऊंचाई भी नापी। सर्वे के लिए टीम झाड़ू और फावड़े से लेकर अत्याधुनिक मशीनों का प्रयोग भी किया। सर्वे के दौरान मुस्लिम पक्ष का कोई सदस्य नहीं पहुंचा था। मुस्लिम पक्ष की गैरमौजूदगी में सर्वे के काम में सहयोग के लिए पीडब्ल्यूडी और बिजली विभाग की टीम को लगाया गया था।

उल्लेखनीय है कि जिला जज डॉ. अजय कृष्ण विश्वेश के आदेश पर सोमवार की सुबह ज्ञानवापी परिसर स्थित सील वजूखाने को छोड़कर शेष अन्य स्थानों का वैज्ञाानिक सर्वे के लिए एएसआई की टीम कड़ी सुरक्षा के बीच ज्ञानवापी परिसर पहुंची थी। ज्ञानवापी परिसर में पुरातत्व सर्वे को लेकर देर रात एएसआई के एडिशनल डिप्टी डायरेक्टर प्रोफेसर आलोक त्रिपाठी ने पुलिस आयुक्त मुथा अशोक जैन और जिलाधिकारी एस राजलिंगम सहित जिला प्रशासन के अफसरों संग बैठक की थी। बैठक में तय हुआ कि पुरातत्व सर्वे के दौरान ज्ञानवापी परिसर में एक समय में वादी व प्रतिवादी के साथ केवल एक-एक अधिवक्ता समेत 10 लोग मौजूद रहेंगे। इसके लिए रात में ही 20 लोगों के नाम से पास जारी भी हो गए। अधिकारियों ने बैठक में सर्वेक्षण की तैयारियों पर चर्चा की। सर्वे टीम ने सुरक्षा, संसाधन आदि कई बिंदुओं पर सहयोग मांगा। जिला प्रशासन ने सभी संसाधन उपलब्ध करा दिए। एएसआई के कहने पर पुलिस आयुक्त और डीएम ने रविवार की देर रात ही अंजुमन इंतेजामिया मसाजिद कमेटी और हिंदू पक्ष के साथ अलग-अलग बैठक की।

### रामनवमी में हुई हिंसा की जांच करेगी NIA

**NEW DELHI :** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को पश्चिम बंगाल सरकार के उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें राज्य सरकार ने रामनवमी समारोहों के दौरान हुई हिंसा की एनआईए जांच के हाइकोर्ट के आदेश को चुनौती दी थी। सोमवार को सुप्रीम कोर्ट के प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने बंगाल में रामनवमी समारोहों के दौरान हिंसा की घटनाओं की जांच राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआइए) को सौंपने के कलकत्ता हाइकोर्ट के आदेश को बरकरार रखा है। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट के प्रधान न्यायाधीश की पीठ ने 19 मई को जांच का जिम्मा एनआइए को सौंपने के उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था, अब सर्वोच्च अदालत ने राज्य सरकार की याचिका को ही खारिज कर दिया। पश्चिम बंगाल सरकार का प्रतिनिधित्व करने वाले वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी और गोपाल शंकरनारायणन ने मामले की सुनवाई के दौरान कहा था कि उच्च न्यायालय ने अपने आदेश में चंदननगर घटना से संबंधित केवल एक प्राथमिकी का उल्लेख किया था।

# सीएम ने 24 नए IPS को किया सम्मानित



बैज लगाकर सम्मानित करते हेमंत सोरेन।

**PHOTON NEWS RANCHI :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोमवार को झारखंड मंत्रालय के सभागार में आयोजित पिपिंग सेरेमनी कार्यक्रम में भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) में नवप्रोन्नत राज्य पुलिस सेवा के 24 पुलिस अधिकारियों को बैज लगाकर सम्मानित किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि आज राज्य पुलिस सेवा के अधिकारियों के लिए सुनहरा अवसर तथा ऐतिहासिक क्षण है, जब झारखंड पुलिस सेवा के 24 अधिकारियों को भारतीय पुलिस सेवा में प्रोन्नति मिली है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विभाग में कई बार फाइल मूवमेंट के समय अधिकारियों द्वारा यह बताया गया कि राज्य पुलिस सेवा के प्रोन्नति से संबंधित फाइल सांप-सीढ़ी की तरह ऊपर-नीचे हो रहा है। कार्यपालिका नियम-कानून के तहत अपना कार्य कर रही है।

**ये अधिकारी हुए सम्मामित**

बैज लगाकर सम्मानित होने वाले नवप्रोन्नत भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारियों में सरोजिनी लकड़ा, एमेल्डा एक्का, सादिक अनवर रिजवी, अरविंद कुमार सिंह, विकास कुमार पांडेय और विजय आशीष कुजूर (सभी 2017 बैच)। इसके अलावा दीपक कुमार शर्मा, राजकुमार मेहता, शंभू कुमार सिंह, अजय कुमार सिन्हा, अनुदीप सिंह, पूज्य प्रकाश, सहदेव साव, अमित कुमार सिंह, अजीत कुमार, मुकेश कुमार, दीपक कुमार पांडेय और अनिमेष नैथानी (सभी बैच 2019)। वहीं, अजय कुमार-क़ आरिफ एकराम, डॉ विमल कुमार, मनीष टोप्पो, कैलाश करमाली और पीतांबर सिंह खेरवार (सभी बैच 2020) शामिल थे।

# पाकुड़ में युवती से GANGRAPE

## 8-10 युवकों ने झारखंड को किया शर्मसार, गिरफ्तारी नहीं

**PHOTON NEWS PAKUR :** झारखंड के पाकुड़ जिले के अमड़ापाड़ा थाना क्षेत्र के एक गांव के निकट फुटबाल मैदान के पास स्थित पेड़ के नीचे आठ-दस युवकों ने मिलकर रविवार की देर रात 36 वर्षीय आदिवासी युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। दुष्कर्म के बाद युवती बेहोश हो गई। इसके बाद सभी युवक वहां से भाग निकले। दुष्कर्म के समय पीड़िता का मोबाइल छीन लिया गया। सोमवार की सुबह होश आने के बाद युवती पाडेरकोला चौक पहुंची। यहां युवती ने कुछ लोगों को घटना की जानकारी दी। पुलिस को सूचना दी गई। ग्रामीणों की मदद से युवती को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उसे सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। युवती महेशपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली है। एक



घटनास्थल पर जांच-पड़ताल करते एसडीपीओ व अन्य पुलिस पदाधिकारी।

सप्ताह पूर्व ही दिल्ली से वापस लौटी थी। वह अपने प्रेमी के साथ रविवार की देर शाम अमड़ापाड़ा पहुंची थी। पुलिस मोबाइल का सीडीआर निकालने में जुटी है। एसडीपीओ अजीत कुमार विमल, पुलिस निरीक्षक उमाशंकर, एसआइ प्रेमचंद भगत, जलधर हेम्ब्रम, लिट्टीपाड़ा थाना प्रभारी अरुणिमा बागे, महेशपुर थाना प्रभारी आनंद पंडित, एसआइ मुकुल भगत पीड़िता के साथ घटना स्थल पर पहुंचकर मामले की जांच की। युवती ने पुलिस को आपबीती सुनाई। आरोपितों को गिरफ्तार नहीं किया जा सकता था। मामला दर्ज करने की प्रक्रिया चल रही थी। पीड़िता ने बताया कि वह दिल्ली में काम करती है। एक सप्ताह पूर्व वह घर लौटी थी। रविवार की शाम वह अपने प्रेमी के साथ बाइक में बैठकर अमड़ापाड़ा आई थी। वह करीब छह महीने से अपने प्रेमी से मोबाइल पर बातचीत करती रही। पीड़िता ने बताया कि अमड़ापाड़ा

### नाबालिग से दुष्कर्म मामले के तीन को 20 साल की सजा



**RANCHI :** पॉक्सो मामले के विशेष न्यायाधीश आसिफ इकबाल की अदालत ने सोमवार को नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने वाले तीन दोषियों हेम सिंह उर्फ राहुल, नव किशोर और नवीन कुमार को बीस-बीस वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने सभी दोषियों पर दस-दस हजार का जुमार्ना भी लगाया है। इस संबंध में पीड़िता के परिजनों ने महिला थाना में कांड संख्या 34/18 दर्ज करवाया था। पुलिस ने पीड़िता के द्वारा दर्ज केस को साबित करने के लिए वैज्ञानिक साक्ष्य और अन्य सबूत पेश किए, इसके साथ ही गवाहों के बयान के आधार पर कोर्ट ने फैसला सुनाया।

# मणिपुर पर संसद में जोरदार हंगामा

## आप सांसद संजय सिंह पूरे सत्र के लिए सस्पेंड, खड़गे बिफरे

**AGENCY NEW DELHI :** संसद में मानसून सत्र के तीसरे दिन मणिपुर मुद्दे को लेकर जमकर हंगामा हुआ। लोकसभा और राज्यसभा में विपक्षी सांसदों ने नारेबाजी की। हंगामे के चलते संसद के दोनों सदनों को 25 जुलाई (मंगलवार) सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया है। राज्यसभा में मणिपुर मुद्दे पर सभापति जगदीप धनखड़ से बहस कर रहे आप सांसद संजय सिंह को पूरे मानसून सत्र से सस्पेंड कर दिया गया है। उन पर सभापति का आदेश न मानने का आरोप है। सस्पेंड करने के बाद उन्हें बाहर जाने को भी कहा गया। विपक्षी सांसदों ने इस कार्रवाई का विरोध किया है। संजय सिंह के निलंबन पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा- ये पहली बार नहीं है कि कोई विरोध जता रहा है। सभी लोग संसद में विरोध करते हैं। लोकतंत्र में बोलने





हाथ में बैनर लेकर संसद के बाहर हंगामा करते विपक्षी दलों के नेता।

की आजादी है, बोलने के लिए जो संसद आता है उसे मौका मिलना चाहिए। आज सरकार की मंशा है कि किसी ना किसी तरीके से आवाज को बंद किया जाए। पिछली बार भी उन्होंने ऐसा ही किया था। संजय सिंह ने सदन से बाहर आकर कहा- देश के प्रधानमंत्री सदन में आकर मणिपुर की हिंसा पर जवाब क्यों नहीं दे रहे। एक आर्मी के योद्धा की पत्नी के कपड़े उतारकर परेड कराई गई, ये शर्मनाक है। भारत की सेना और भारत के 140 करोड़ लोगों का सिर शर्म से झुक गया है। प्रधानमंत्री सदन में आकर जवाब नहीं दे रहे। इसी के कारण मैंने आज 267 का नोटिस दिया था। पहले 15 मिनट तक मैं चेयर (आसंदी) से अनुरोध करता रहा कि मुझे 267 के तहत बोलने का मौका दिया जाए। जब उन्होंने मौका नहीं दिया तो मैंने चेयर के पास जाकर अनुरोध किया कि मणिपुर पर चर्चा कराइए।

# चाईबासा में आईईडी ब्लास्ट, जवान घायल

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) जिले के अति नक्सल प्रभावित टोंटो थाना क्त्र के तुम्बाहाकत गांव के आसपास के जंगल में सोमवार को नक्सलियों के लगाए गए आईईडी की चपेट में आने से सीआरपीएफ जवान घायल हो गया। घायल जवान को हेलीकॉप्टर से रांची लाया गया। खेल गांव में हेलीकॉप्टर से जवान को उतारा गया और वहां से एंबुलेंस से जवान को मेडिका अस्पताल ले जाया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। जवान के चेहरे में चोट लगी है। बताया जा रहा है कि घायल जवान सीआरपीएफ 197 बटालियन के असिस्टेंट कमांडर चंद्र प्रताप तिवारी है। घटना के बाद घायल जवान को प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए रांची रेफर कर दिया गया। एसपी आशुतोष शेखर ने घटना की पुष्टि की।

### राष्ट्रपति आज से 27 जुलाई तक ओडिशा के दौरे पर रहेंगी

**NEW DELHI :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 25 से 27 जुलाई तक ओडिशा का दौरा करेंगी। राष्ट्रपति भवन ने सोमवार को एक बयान जारी कर यह जानकारी दी। इसमें कहा गया है कि राष्ट्रपति 25 जुलाई की शाम को, एटुत-बंधन परिवार द्वारा प्रायोजित मेडिकल छात्रों के एक समूह के साथ बातचीत करेंगी और भुवनेश्वर में राजभवन ओडिशा के एक नए भवन ब्लॉक की आधारशिला रखेंगी। 26 जुलाई, को राष्ट्रपति कटक में ओडिसा उच्च न्यायालय के 75वें वर्ष के समापन समारोह में शामिल होंगी।

# पीएफ पर 8.15 प्रतिशत मिलेगा ब्याज

## वित्तीय वर्ष 2022-23 में एक लाख जमा पर मिलेगा 8150 इंटरेस्ट

**AGENCY NEW DELHI :** सरकार ने वित्त वर्ष 2022-23 के लिए प्रोविडेंट फंड (पीएफ) अकाउंट पर 8.15% ब्याज को मंजूरी दे दी है। एम्प्लॉइज प्रोविडेंट फंड ऑर्गनाइजेशन (इपीएफओ) ने मार्च में ब्याज दरें 0.05% बढ़ाने की सिफारिश की थी। यानी अगर आपके 1 लाख रुपए जमा है तो इस पर साल में 8,150 रुपए का ब्याज मिलेगा। इपीएफओ ने 24 जुलाई (सोमवार) को इसका ऑर्डर जारी किया। देश के 6





करोड़ से ज्यादा कर्मचारी पीएफ के दायरे में आते हैं। इपीएफओ एक्ट के तहत कर्मचारी की बेसिक सैलरी प्लस डीए का 12% पीएफ अकाउंट में जाता है। कंपनी भी कर्मचारी की बेसिक सैलरी प्लस डीए का 12% कॉन्ट्रीब्यूट करती है। कंपनी के 12% कॉन्ट्रीब्यूशन में से 3.67% पीएफ अकाउंट में जाता है और बाकी 8.33% पेंशन स्कीम में जाता है। 1952 में पीएफ पर ब्याज दर केवल 3% थी। हालांकि, इसके बाद इसमें बढ़ोतरी होती गई। पहली बार 1972 में यह 6% के ऊपर पहुंची। 1984 में यह पहली बार 10% के ऊपर पहुंची। पीएफ धारकों के लिए सबसे अच्छा समय 1989 से 1999 तक था। इस दौरान पीएफ पर 12% ब्याज मिलता था। इसके बाद ब्याज दर में गिरावट आनी शुरू हो गई। 1999 के बाद ब्याज दर कभी भी 10% के करीब नहीं पहुंची। 2001 के बाद से यह 9.50% के नीचे ही रही है। पिछले सात सालों से यह 8.5% या उससे कम रही है। मान लीजिए आपके पीएफ अकाउंट में 31 मार्च 2023 तक कुल 5 लाख रुपए जमा हैं। ऐसे में अगर 8.10% की दर से ब्याज मिलता तो 5 लाख पर 40,500 रुपए ब्याज के रूप में मिलते। लेकिन अब ब्याज दर को बढ़ाकर 8.15% करने के बाद आपको 40,750 रुपए मिलेंगे।

## वीजा लेकर अमृतसर के रास्ते लाहौर पहुंची दो बच्चो की मां अंजू, 20 अगस्त को लौटने की संभावना

# फेसबुक लवर से मिलने प्रेमिका पहुंच गयी पाकिस्तान

**AGENCY NEW DELHI :** पबजी खेलते-खेलते सचिन मीणा के प्यार में सीमा हैदर पाकिस्तान से इंडिया आ गयी। वहीं फेसबुक पर हुए प्यार में यूपी के जालौन की अंजू पाकिस्तान पहुंच गयी है। दो बच्चों की मां अंजू ने अपने पति अरविंद सोशल मीडिया के माध्यम से इसकी जानकारी दी है। अंजू ने एक वीडियो भी जारी किया है, जिसमें उसने प्रेमी से मिलने के लिए पाकिस्तान जाने की जानकारी दी है। इस नये खुलासे के बाद हड़कंप मच गया है। हालांकि अंजू वर्तमान में





राजस्थान के अलवर में अपने पति अरविंद के साथ रह रही थी। जालौन के कैरोल की रहने वाली अंजू अपने फेसबुक लवर पाकिस्तान के लाहौर निवासी नसरुल्लाह के पास पहुंच गयी है। उसने पाकिस्तान जाने के लिए बकायदा एक माह का वीजा लिया और अमृतसर होते हुए लाहौर पहुंच गयी। बताया जा रहा है कि नसरुल्लाह (29) मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव है। उसकी चार साल पहले अंजू से फेसबुक के माध्यम से दोस्ती हुई थी। अंजू ने अपने बयान का एक वीडियो भी जारी किया है, जो वायरल हो रहा है। वीडियो में अंजू ने कहा है कि मैं पाकिस्तान में हूं। लीगल तरीके से आई हूं और अपने प्यार के पास हूं। मैं सेफ हूं। जैसे आई हूं वैसे ही वापिस भी आऊंगी। इसको मुद्दा न बनाएं।

**वाट्सएप कॉल से दी लाहौर में पहुंचने की जानकारी**

अंजू ने अपने पति अरविंद को सोशल मीडिया के माध्यम से कॉल कर-के पाकिस्तान पहुंचने की जानकारी दी। उसने अरविंद से कहा कि अब उसकी बात सोशल मीडिया के माध्यम से ही हो पाएगी। अंजू ने बताया कि वह अपनी सहेली के घर लाहौर आयी है। कुछ दिन में वापस आ जाएगी। इसी के साथ उसने एक वीडियो और शेयर किया, जिसमें बताया कि वह अपने प्रेमी नसरुल्लाह के पास पाकिस्तान में है।

### पीएसएलवी-सी56 छह उपग्रहों के साथ अंतरिक्ष के लिए 30 होगा रवाना

**NEW DELHI :** चंद्रयान-3 के सफल प्रक्षेपण के बाद इसरो अब अपने नये मिशन की जोर शोर से तैयारी कर रहा है। जल्द ही इसरो नया मिशन लॉन्च करेगा। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) 30 जुलाई को छह सह-यात्री उपग्रहों के साथ पीएसएलवी-सी56 मिशन लॉन्च कर रहा है। इसरो ने बताया कि छह सह-यात्री उपग्रहों के साथ पीएसएलवी-सी56 को 30 जुलाई को सुबह साढ़े 6 बजे सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र, श्रीहरिकोटा से लॉन्च किया जाएगा। इसरो की ओर से कहा गया है कि पीएसएलवी-सी 56 सिंगापुर की डीएसटीए एवं एसटी इंजीनियरिंग के डीएस-एसएआर उपग्रह और छह अन्य उपग्रहों को अंतरिक्ष में लेकर जाएगा।

# ट्विटर से 'उड़ गई' नीली चिड़िया, नया लोगा जारी

**AGENCY NEW DELHI :** ट्विटर के मालिक एलन मस्क ने इस माइक्रो ब्लॉगिंग प्लैटफॉर्म को जब से खरीदा है, तब से ही वह इसमें एक के बाद एक लगातार कई बदलाव करते जा रहे हैं। अब उन्होंने इसका लोगो भी बदल दिया है। जी हां, ट्विटर की आईकॉनिक नीली चिड़िया की विदाई हो गई है। ट्विटर पर नये लोगो के रूप में अब 'एक्स' नजर आ रहा है। कंपनी के सीईओ एलन मस्क ने सोमवार को इसका ऐलान किया। वैसे इसके संकेत उन्होंने रविवार को ही दे दिये थे। एलन मस्क ने रविवार को एक के



ट्विटर का नया लोगो।

बाद एक ट्वीट कर ऐसे संकेत दिये थे कि वे इस प्लैटफॉर्म को रीब्रांड करने की योजना बना रहे हैं। उन्होंने लिखा था, अगर आज रात एक अच्छा एक्स लोगो पोस्ट किया जाता है, तो हम कल इसे दुनिया भर में लाइव कर देंगे। और जल्द ही हम ट्विटर ब्रांड और धीरे-धीरे सभी चिड़ियों (ट्विटर

BRIEF NEWS

### हल्ला बोल कार्यक्रम को लेकर आजसू ने चलाया अभियान



**BHURKUNDA:** आजसू पार्टी ने आगामी 4 अगस्त को निर्धारित हल्ला बोल कार्यक्रम को लेकर सोमवार को रिवर साइड भुरकुंडा क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान चलाया। प्रखंड सचिव विश्वरंजन सिन्हा के नेतृत्व में चले इस अभियान के दौरान आमंत्रण देकर क्षेत्र के आमलोगों से भी हल्ला बोल कार्यक्रम में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की गई। मौके पर प्रखंड सचिव विश्वरंजन सिन्हा ने कहा की मौजूदा राज्य सरकार के कार्यकाल में भ्रष्टाचार चरम पर है। युवा रोजगार को तरस रहे हैं। रोजगार के लिए दूसरे राज्यों में पलायन को मजबूर हो रहे हैं। महिलाएं असुरक्षित महसूस कर रही हैं। अपराध का ग्राफ बढ़ा है। उन्होंने कहा कि प्रखंड सह अंचल कार्यालय में विभिन्न योजनाओं के लिए आमजनता को परेशान किया जा रहा है। विकास कार्य ठप है। श्री सिन्हा ने कहा कि विधायक अंबा प्रसाद सिर्फ विस्थापितों के नाम पर दिखावे का हल्ला करने में व्यस्त हैं। विस्थापितों को उनका उचित मुआवजा, स्थायी रोजगार तक नहीं दिलवा पा रहीं हैं। सिर्फ वादों की पोटली लेकर घूमने वाली विधायक हो गई हैं।

### भाजपा जनजाति मोर्चा ने फूंका चुनावी बिगुल, दिसंबर तक के कार्यक्रम तय




**RANCHI:** भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा ने आगामी लोकसभा और विधानसभा के चुनावों को देखते हुए अगस्त से नवंबर तक के कार्यक्रम की रूपरेखा तय कर ली है. भाजपा अजजा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शिवशंकर उरांव ने कहा 2024 लोकसभा और विधानसभा चुनाव में फिर से कमल खिलेगा. उरांव ने सभी विधानसभा , जिला, प्रमंडल प्रभारियों की घोषणा कर दी है. अगस्त माह में संगठन को दुरुस्त करने के साथ ही सितंबर से कार्यक्रम का शुभारंभ सोशल मीडिया प्रशिक्षण, जनजाति छात्रावास प्रवास और बूथ सम्मेलन किया जाएगा. 1 अक्टूबर से दिसंबर तक मोर्चा के कई कार्यक्रम निर्धारित हैं. जिसमें विधानसभावार सम्मेलन, माटी, रोटी, बेटी बचाव पदयात्रा, जनजाति गौरव दिवस, रानी दुर्गावती जयंती आदि कार्यक्रमों के साथ जनजाति समाज को एकजुट करने का लक्ष्य रखा गया है।

### यूसीसी से आदिवासियों और मूलवासियों को डरने की जरूरत नहीं : कड़िया मुडा

**KHUNTI:** भाजपा के वयोवृद्ध नेता और लोकसभा के पूर्व उपाध्यक्ष पद्मभूषण कड़िया मुंडा ने कहा कि समान नागरिक संहिता( यूसीसी) से आदिवासियों और मूलवासियों के साथ ही अल्पसंख्याकों डरने की कोई जरूरत नहीं है। जब तक सीएनटी एक्ट है, तब तक उनकी जमीन कोई छीन नहीं सकता। आठ बार खूंटी संसदीय क्षेत्र का लोकसभा में प्रतिनिधित्व करने वाल कड़िया मुंडा ने सोमवार को अपने आवास में पत्रकारों के साथ बातचीत करते हुए कहा कि कुछ लोग बिना यूसीसी को जाने-समझे अपने निहित स्वार्थ के कारण इसका विरोध कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अभी कानून बना नहीं है। विपक्ष लोकसभा में बहस कराए, लेकिन विपक्ष बहस से भाग रहा है। कड़िया मुंडा ने कहा कि यूसीसी को लागू करने के पक्ष में उच्चतम न्यायालय ने भी विचार दिया है। उन्होंने कहा कि देश में रोहिंग्या और बांग्लादेशी मुसलमान सबसे अधिक यूसीसी का विरोध कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस कानून के लागू हो जाने से तीन-चार शादी करने पर रोक लग जाएगी। उन्होंने कहा कि यूसीसी देश हित में अच्छा कानून है। कड़िया मुंडा ने कहा कि रोहिंग्या और बांग्लादेशी मुसलमानों की घुसपैठ देश की सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा है। उन्होंने कहा कि कुछ पार्टियां अपने राजनीतिक लाभ के लिए उन्हें प्रश्रय दे रहे हैं।

# राज्यपाल से स्वास्थ्य मंत्री ने की मुलाकात विभाग की गतिविधियों से कराया अवगत

## गर्वनर सीपी राधाकृष्णन ने स्वास्थ्य सेवा को सुधारने के लिए दिए विशेष दिशा निर्देश



**PHOTON NEWS RANCHI:** राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने सोमवार को राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से राजभवन में मुलाकात की। स्वास्थ्य मंत्री ने झारखंड में चल रहीं स्वास्थ्य विभाग के गतिविधियों और भविष्य की कार्ययोजनाओं से अवगत कराया, मंत्री ने राज्यपाल को बताया कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग सीमित संसाधन के बावजूद इनोवेटिव आईडिया के साथ सुदूर ग्रामीण क्षेत्र के अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवा का लाभ दे रहा है। उन्होंने राज्यपाल को बताया कि मुख्यमंत्री ने विगत दिनों समीक्षा बैठक कर निर्देश दिया है कि राज्य के मेडिकल अस्पतालो में 24 घंटे सातों दिन चिकित्सा व्यवस्था दुरुस्त किया जाए। हम इस पर कार्ययोजना बनाकर कार्य कर रहे है। साथ ही कालाजार उन्मूलन, सिकल सेल एनीमिया, सर्वाइकल कैंसर के उन्मूलन के साथ टीबी मुक्त झारखंड के लिए कार्य किया जा रहा है। राज्यपाल ने सभी बातों को गंभीरता पूर्वक सुना और स्वास्थ्य सेवा को सुधारने के लिए विशेष दिशा निर्देश दिए।



### राज्यपाल से मिले ब्रिगेडियर और कर्नल

**RANCHI:** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से सोमवार को ब्रिगेडियर अश्विनी नायर और कर्नल एके सिंह ने राज भवन में मुलाकात की। राजभवन सूत्रों ने इस मुलाकात को शिष्टाचार मुलाकात बताया। ● फोटोन न्यूज

# कृषि और पशुपालन की मजबूती से ही ग्रामीण अर्थव्यवस्था होगी मजबूत : हेमंत सोरेन

## मुख्यमंत्री ने की कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग की समीक्षा, दिए कई अहम निर्देश

**PHOTON NEWS RANCHI:** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि कृषि और पशुपालन के रास्ते ही ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। जब तक किसान और पशुपालक सशक्त नहीं बनेंगे, राज्य विकास के रास्ते पर तेजी से आगे नहीं बढ़ेगा। इस वजह से कृषि एवं पशुपालन को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाएं चल रही हैं। उन्हें इन योजनाओं का पूरा लाभ मिले, इस दिशा में धरातल पर ठोस कार्य होगा। मुख्यमंत्री ने सोमवार को कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग की ओर से संचालित योजनाओं की उच्च स्तरीय समीक्षा के दौरान अधिकारियों को कई निर्देश दिए ।

**किसान पाठशाला को एक विद्यालय की तरह स्थापित करें**

मुख्यमंत्री ने कहा किसान पाठशाला को एक विद्यालय की तरह स्थापित करें । यह सेंटर ऑफ एग्रीकल्चर मूवमेंट हो सकता है। ऐसे में यहां किसानों के लिए नियमित रूप से प्रशिक्षण और कार्यशाला का आयोजन होना चाहिए । किसानों को यहां उन्नत और बहु वैकल्पिक कृषि की जानकारी दी जाए। किसानों को किसान पाठशाला में लाने की व्यवस्था सुनिश्चित करें। इतना ही नहीं किसानों को अगल बगल के गांवों, प्रखंडों और जिलों का भी भ्रमण कराया जाए, ताकि दूसरे किसानों द्वारा की जाने वाले कृषि कार्यों से भी अवगत हो सकें।

**ज्यादा से ज्यादा किसानों को केसीसी से आच्छादित करें**

मुख्यमंत्री ने विभाग के अधिकारियों से कहा कि ज्यादा से ज्यादा किसानों को केसीसी से आच्छादित करने के साथ केसीसी लोन उपलब्ध कराने की पहल करें। ऐसा देखा जा रहा है कि केसीसी लोन स्वीकृत करने में बैंक दिलचस्पी नहीं दिखा रहे हैं । ऐसे में सहकारी बैंकों और ग्रामीण बैंकों से लांच कराने की दिशा में कार्य करें।

**कृषि उत्पादों के निर्यात की संभावनाओं को तलाशें**

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड जैसे राज्य में कई ऐसे कृषि और वनोपज हैं, जिसकी अच्छी पैदावार होती है लेकिन किसानों को उसका उचित लाभ नहीं मिल पाता है। ऐसे में इन कृषि उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराने के साथ उसके निर्यात की संभावनाओं को तलाशें। इसके साथ एग्रो इंडस्ट्रीज को भी बढ़ावा देने की दिशा में कार्य योजना बनाएं।



समीक्षा बैठक करते सीएम हेमंत सोरेन व अन्य ● फोटोन न्यूज

**मौसम के रुख को देखते हुए एक्शन प्लान तैयार करें**

मुख्यमंत्री ने कहा कि फिलहाल मौसम का जिस तरह का रुख देखने को मिल रहा है, उससे किसानों के सामने कई बड़ी चुनौतियां खड़ी हो रही हैं। ऐसे हालात में नई फसलों या फसल प्रणालियों से कृषि उत्पादन को जोड़ने का एक्शन प्लान तैयार करें। किसानों को वैकल्पिक खेती करने के लिए प्रेरित करें। उन्हें इस बाबत तकनीकों की भी जानकारी दें। उन्होंने कहा कि किसानों को मिलेट्स, दाल और आयल सीड की खेती के लिए प्रेरित करें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज कृषि योग्य भूमि कम हो रही है और किसान भी खेतिहर मजदूर के रुप में तब्दील होते जा रहे हैं। यह कृषि के लिए किसी भी रूप में अच्छा संकेत नहीं है । ऐसे में जो किसान खेतिहर मजदूर बनने को मजबूर है, उन्हें बिरसा हरित ग्राम योजना और नीलाम्बर -पीताम्बर जल समृद्धि योजना जैसी योजनाओं से जोड़ें । इससे वे कृषि और उससे संबंधित कार्यों से जुड़े भी रहेंगे और उनकी आय में भी इजाफा होगा।

**पशुओं का इंश्योरेंस सुनिश्चित करें**

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड से प्रदेश में किसानों के लिए पशुपालन काफी अहम है। अगर किसी वजह से पशुओं की मौत हो जाती है तो किसान पशुपालक आर्थिक रूप से टूट जाते हैं। ऐसे में सभी पशुओं के इंश्योरेंस को सुनिश्चित करें। इसके लिए 2019 में जानवरों की हुई गणना को आधार बनाते हुए इंश्योरेंस करने की नीति बनाएं। सोरेन ने कहा कि दुग्ध उत्पादन और मत्स्य पालन पालन में राज्य कब तक आत्मनिर्भर बन जाएगा, इसके लिए एक्शन प्लान बनाएं और उसी अनुसार योजनाओं को कार्यान्वित करें। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि पशुपालन को बढ़ावा देने के लिए मॉडल फार्म स्थापित करने की दिशा में ही पहल हो। इससे दुग्ध का उत्पादन बढ़ेगा और बाजार भी उपलब्ध होगा।

**लैम्प्स– पैक्स को मजबूत करें**

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में लैम्प्स और पैक्स को मजबूत करने की दिशा में सरकार काम कर रही है लेकिन कई लैम्प्स -पैक्स के भवन काफी जर्जर हालात में हैं। इन भवनों का मरम्मत सुनिश्चित करें और इसकी उपयोगिता को किसानों तक पहुंचाएं। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य में जो भी कोल्ड स्टोरेज बन रहे हैं, वहां एप्रोच रोड के साथ बिजली -पानी की व्यवस्था सुनिश्चित होनी चाहिए, ताकि उसका इस्तेमाल सही तरीके से हो सके।



**RANCHI:** रांची के ग्रामीण एसपी का सीनियर सिलेक्शन ग्रेड में प्रमोशन होने के बाद झारखंड पुलिस मुख्यालय में डीजीपी अजय कुमार सिंह ने 2010 बैच के आईपीएस नौशाद आलम को बैच लगाकर किया सम्मानित, मौके पर एडीजी सहित कई अधिकारी मौजूद थे।

# मुख्यमंत्री ने वोट बैंक की राजनीति के कारण आदिवासी समाज के अस्तित्व का सौदा कर दिया : बाबूलाल मरांडी

**PHOTON NEWS RANCHI:** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सोमवार को कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अयोग्य और अक्षम हैं। मरांडी ने उन्हें गूंगा और बहरा भी कहा। सोशल मीडिया पर राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन का आभार जताते हुए कहा कि मुख्यमंत्री ने अपने राजनीतिक स्वार्थों और वोट बैंक की राजनीति के कारण आदिवासी समाज के अस्तित्व का सौदा कर दिया है। संथाल परगना में घुसपैठियों ने वहां की परंपरा, संस्कृति और पहचान को नष्ट करने का अभियान चलाया



है। झामुमो के स्थानीय नेताओं के सहयोग से घुसपैठिये भारतीय नागरिक बन रहे हैं। राज्यपाल ने आदिवासियों की वेदना-पीड़ा को सुना है, जिसके लिए वे उनका आभार व्यक्त करते हैं। राज्य का चुना हुआ अक्षम मुख्यमंत्री गूंगा, बहरा बना बैठा है। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि सीपी राधाकृष्णन ने चिंता जताते कहा हुए पिछले दिनों कहा था कि बांग्लादेशी घुसपैठिए झारखंड में तेजी से प्रवेश कर रहे हैं। इससे स्थानीय जनजाति समाज के सामने अपने अस्तित्व को बचाने का भी संकट खड़ा हो रहा है। घुसपैठिए जनजाति समाज की महिलाओं से शादी कर रहे हैं। यह सब खतरनाक स्थिति है। आदिवासियों की परंपरा और रिवाज को बचाए जाने की जरूरत है। बाबूलाल मरांडी ने सोशल मीडिया के जरिये लाल डायरी के मकड़जाल के बारे में भी चर्चा की है। उन्होंने कहा कि झारखंड में भी केन्द्रीय एजेंसियों को ऐसी ही डायरी हाथ लगी थी। छत्तीसगढ़ में भी ह्ललाल डायरीह्व मिली। दिल्ली शराब घोटाला केस में सीबीआई को ह्ललाल डायरीह्व मिली। अब राजस्थान के बर्खास्त मंत्री ललकार कर कह रहे हैं कि अगर मैं ह्ललाल डायरीह्व खोल दूं तो अशोक गहलोत जेल में होंगे। बाबूलाल ने पत्रकार साथियों से लाल डायरी के रहस्य को सुलझाने में मदद मांगते हुए पूछा है कि धन पशु लोग ह्ललाल डायरीह्व पर ही विश्वास क्यों करते हैं।

## रांची के सांसद संजय सेठ ने सवाल पूछा था कि विदेशों में कार्यरत भारतीय लोगों की संख्या कितनी हैं

# केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री मुरलीधरण ने कहा- झारखंड के 8700 से अधिक लोग विदेशों में कर रहे काम

**PHOTON NEWS RANCHI:** देश के एक करोड़ 30 लाख लोग विदेशों में काम कर रहे हैं, जिसमें श्रमिक, पेशेवर और विभिन्न प्रकार के विशेषज्ञ शामिल है। ऐसे लोगों को विदेशों में रोजगार के लिए उत्प्रवास जांच अपेक्षित है। इसका रिकॉर्ड भारत का विदेश मंत्रालय रखता है।

वर्तमान समय में विदेशों में झारखंड के 8700 से अधिक लोग काम कर रहे हैं। उक्त आशय की जानकारी केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री बी मुरलीधरण ने सोमवार को लोकसभा में दी। लोकसभा में रांची के सांसद संजय सेठ ने यह सवाल पूछा था कि विदेशों में कार्यरत भारतीय लोगों की संख्या कितनी है। इनकी राज्यवार संख्या कितनी है और किसी घटना दुर्घटना की स्थिति में सरकार के द्वारा क्या मदद की जाती है।



लोकसभा में सवाल पूछते रांची के सांसद संजय सेठ ● फोटोन न्यूज

इसके जवाब में केंद्रीय मंत्री ने बताया कि किसी प्रवासी कामगार की दुर्घटना में मृत्यु होने पर विदेश मंत्रालय उनके परिजनों से संपर्क कर उन्हें तत्काल सहायता प्रदान करता है। न्यायालय, बीमा एजेंसी, संबंधित देशों के प्रशासन सहित कई क्षेत्रों में समन्वय का कार्य विदेश मंत्रालय के द्वारा किया जाता है। केंद्रीय मंत्री ने यह भी बताया कि प्रवासी भारतीयों के लिए भारत सरकार एक बीमा योजना चलाती है, जो अनिवार्य बीमा योजना है। इसके तहत तीन वर्षों के लिए सिर्फ 375 की राशि ली जाती है और 10 लाख रुपए तक का बीमा व अन्य लाभ प्रदान किया जाता है।

सेठ के सवाल के जवाब में केंद्रीय मंत्री ने बताया कि ई माइग्रेट पोर्टल पर जो आंकड़े उपलब्ध है, उनके अनुसार अट्ठारह ईसीआर देशों में झारखंड के जो नागरिक काम कर रहे हैं, उनमें से वर्ष 2020 में 831, 2021 में 1481, 2022 में 4322 और जून 2023 तक 2070 लोग विदेशों में काम करने के लिए गए हैं।

केंद्रीय मंत्री ने बताया कि झारखंड के कामगारों की विगत तीन वर्षों में विदेशों में मौतें भी हुई है, जिनमें सबसे अधिक मौत सऊदी अरब में हुई है। सऊदी अरब में झारखंड के 38 श्रमिकों की मौत हुई, जबकि ओमान में 21 श्रमिक, मलेशिया में सात श्रमिक, संयुक्त अरब अमीरात में नौ श्रमिक, कुवैत में 10 श्रमिक और कतर में छह श्रमिक की मौत हुई। इनके परिवार को विदेश मंत्रालय ने हर संभव सहायता और मदद उपलब्ध कराई है।

# सांसद दीपक प्रकाश ने मोटे अनाज के उत्पादन का मुद्दा राज्यसभा में उठाया

**PHOTON NEWS RANCHI:** रांची/नई दिल्ली, 24 जुलाई (हि.स.)। सांसद दीपक प्रकाश ने देश में मोटे अनाज (श्री अन्न) के उत्पादन से संबंधित सवालों के संबंध में केंद्र सरकार से संसद में जानकारी मांगी। राज्यसभा में उन्हें कृषि एवं कल्याण मंत्रालय ने जानकारी दी कि वर्ष 2022-23 के दौरान मिलेट्स (श्री अन्न) का अखिल भारतीय उत्पादन 171.49 लाख टन था। कृषि मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने जवाब देते हुए बताया कि 171.49 लाख टन में से 39.90 लाख टन ज्वार, 111.66 लाख टन बाजरा, 15.97 लाख टन रागी और 3.97 लाख टन स्माल मिलेट्स (तृतीय अग्रिम अनुमान के अनुसार) का उत्पादन शामिल है। सरकार की ओर से लगातार मोटे अनाज के उत्पादन को बढ़ावा देने के पीछे क्या उद्देश्य है और लोगों की सेहत के लिए श्री अन्न की उपयोगिता के संबंध में भी दीपक प्रकाश ने जानकारी मांगी थी। इस पर कृषि मंत्री ने जानकारी देते हुए बताया कि मिलेट्स (श्री अन्न) पारंपरिक रूप से देश के वर्षा



फाइल फोटो।

सिंचित क्षेत्रों में उगाए जाते हैं। ये किसान अनुकूल फसलें हैं। इन्हें न्यूनतम कृषि आदानों, कम पानी की आवश्यकता होती है। ये सूखा सहिष्णु, प्रकाश असंवेदी, जलवायु परिवर्तन के प्रति लचीले होते हैं। प्रमुख अनाजों की तुलना में विविध कृषि जलवायु परिस्थितियों को सहन करने वाले होते हैं। मिलेट्स पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं। अच्छी मात्रा में गैर-स्टार्च पॉलीसेकेराइड के साथ आहार फाइबर और कार्बोहाईड्रेट मिश्रित होते हैं। मिलेट्स में पॉलीफेनोल्स, फाइटेट्स, कैरोटीनॉयड, टोकोफेरोल्स आदि जैसे फाइटोकेमिकल्स भी होते हैं, जिन्हें ह्यन्यूट्रास्यूटिकल्सह्व कहा जाता है। इस प्रकार, मिलेट्स मधुमेह आदि।

Daily THE PHOTON NEWS सच के हक में...
www.thephotonnews.com
Tuesday, 25 July 2023

BRIEF NEWS

## ड्यूटी के दौरान सो रहे पीसीआर के तीन जवान सस्पेंड

**RANCHI :** एसएसपी किशोर कौशल पिछले तीन दिनों से लगातार शहर में देर रात निरीक्षण कर रहे है। इस दौरान उन्होंने शहर की सुरक्षा व्यवस्था का भी जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान 21 जुलाई की रात 11।45 में पाया कि अमरावती अपार्टमेंट के पास पीसीआर सात में प्रतिनियुक्त एएसआई शिव लाल मुर्मू और चालक आरक्षी जयनाथ महतो सो रहे है। वहीं रात 12।18 में नामकुम रेलवे स्टेशन के पास चेकिंग के दौरान पीसीआर 19 में हवलदार दिनेश प्रसाद मंडल भी सोते हुए पाए गए। इन तीनों को कार्य में लापरवाही बरतने के मामले में तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। इन्हें पुलिस लाइन में भेज दिया गया है।

## इटकी आरोग्यशाला के भवन व सड़क का होगा जीर्णोद्धार, 44 लाख आवंटित

**RANCHI :** इटकी आरोग्यशाला के विभिन्न भवनों और सड़कों का जीर्णोद्धार किया जायेगा। इसके लिए वित्तीय वर्ष 2023-24 में राज्य स्कीम के तहत विभाग द्वारा 44 लाख 46 हजार रुपए का आवंटन किया गया है। आरोग्यशाला परिसर में प्रशासनिक भवन से गौसिया पाकशाला होते हुए न्यू महिला वार्ड तक पीसीसी पथ का निर्माण किया जाना है। साथ ही नर्सेज छात्रावास, अधीक्षक आवास एवं प्रशासनिक भवन गोलचक्कर के सामने पेवर ब्लॉक पथ का निर्माण किया जाना है। राशि की निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी इटकी आरोग्यशाला के अधीक्षक होंगे। जबकि राशि के नियंत्री पदाधिकारी अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह होंगे।

## ट्रैफिक की जानकारी लेने कोलकाता जायेंगे दो आईपीएस व एक डीएसपी

**RANCHI :** झारखंड में ट्रैफिक व्यवस्था को बेहतर बनाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इसी क्रम में झारखंड पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर बेहतर ट्रैफिक व्यवस्था कैसी बनाई जाए, इसकी जानकारी लेने के लिए झारखंड पुलिस के दो आईपीएस और एक डीएसपी दो दिवसीय दौरे पर कोलकाता जाएंगे। साथ ही वहां के सीनियर अफसरों के साथ ट्रैफिक व्यवस्था को बेहतर बनाने से संबंधित जानकारी लेंगे। इसके अलावा वहां किस तरह से ट्रैफिक व्यवस्था को संचालित किया जा रहा है, इसे भी देखेंगे। कोलकाता जाने वाले अधिकारियों में आईपीएस अखिलेश कुमार झा, सुनील भास्कर और डीएसपी जीतवाहन उरांव शामिल हैं।

## सोनाहातू में अज्ञात वाहन की चपेट में आने से वृद्ध सनद बनर्जी की हुई मौत

**RANCHI :** बुंडू अनुमंडल के सोनाहातू थाना क्षेत्र के टांगटांग मोड़ के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से पंडाडीह निवासी 65 वर्षीय सनद बनर्जी की मौत हो गया है। घटना रविवार रात 9 बजे के आसपास की बताई जा रही है। ये व्यक्ति टांगटांग बाजार से अपने घर पंडाडीह जा रहा था। सड़क पार करने के दौरान तेज गति से एक वाहन ने चपेट में ले लिया।वाहन के टक्कर से व्यक्ति सड़क पर गिर गया और सिर फट गया।जिससे तत्काल मौत हो गया। ग्रामीणों ओर परिजनों का काफी देर बाद घटना की जानकारी मिली। ग्रामीणों ने आक्रोशित होकर रात 9 बजे के बाद सड़क जाम किया। घटना की सूचना पर सोनाहातू पुलिस तुरंत पहुँची। थाना प्रभारी सतीश वर्णवाल ने ग्रामीणों से बातचीत कर सड़क जाम हटाने को कहा। ग्रामीण उक्त वाहन की पकड़ने तथा उचित मुआवजा की मांग कर रहे थे। रात एक बजे पुलिस के आश्वासन के बाद जाम को हटाया गया।

atom美 ATOMY INDIA
RANCHI TEAM
WARRIOR CENTRE
4th Floor, Shop No. 22, 23, 24
Roshpa Roshpa Tower,
Main Road, Ranchi - 834001
Mob. 9334495776

# अपराधियों के खिलाफ ATS & RANCHI POLICE का ACTION

# तीन शूटर गिरफ्तार, हत्या और गोलीबारी की घटना को देते थे अंजाम

**CRIME REPORTER RANCHI :** एटीएस और रांची पुलिस की टीम ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए कालू लामा (मृत) गिरोह के अपराधी रोहित मुंडा उर्फ बीड़ी समेत तीन को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों में शुभम विश्वकर्मा, रोहित मुंडा और अभिषेक मलिक शामिल हैं। रोहित मुंडा उर्फ बीड़ी और अभिषेक मल्लिक को बोकारो से और शुभम विश्वकर्मा की रांची से गिरफ्तारी हुई है। तीनों अपराधी बेखौफ होकर हत्या और गोलीबारी की घटना को अंजाम देते थे। पकड़े गये अपराधियों से एटीएस और रांची पुलिस की टीम पूछताछ कर रही है। हालांकि अभी आधिकारिक तौर पर इसकी पुष्टि नहीं हो पायी है।

**लवकुश शर्मा गिरोह ने कालू लामा को मारी थी गोली**

27 जनवरी 2022 को मोरहाबादी मैदान के पास लव कुश शर्मा गिरोह के अपराधियों ने कालू लामा पर अंधाधुंध फायरिंग की थी। गर्दन में गोली लगने से कालू लामा की मौके पर ही मौत हो गयी थी। जबकि दूसरे अपराधी शुभम विश्वकर्मा को गंभीर हालात में रिम्स भर्ती कराया गया था।

**कालू लामा गिरोह के रोहित मुंडा ने की थी बिट्टू खान की हत्या :** कालू लामा गिरोह के अपराधी रोहित मुंडा उर्फ बीड़ी अपराधियों ने बिट्टू खान की हत्या थी। रांची के बरियातू थाना क्षेत्र अंतर्गत एदलहातू टोंटे चौक के समीप अखड़ा में बीते छह जून को बिट्टू खान को अपराधियों ने गोलियों से भून डाला था। इस हत्याकांड की योजना तीन माह पहले ही रांची जेल में बन गयी थी।

## संपत्ति हड़पने के लिए सगे भाई ने रची थी हत्या की साजिश

## चार अपराधी धराए, दो देसी पिस्टल समेत सात गोलियां बरामद



प्रेस कांफ्रेंस में जानकारी देते रांची एसएसपी, सिटी एसपी व अन्य।

**CRIME REPORTER RANCHI :** पंडरा ओपी क्षेत्र स्थित बाजार समिति के दुकानदार दीपक कुमार गुप्ता की उसके बड़े भाई ने हत्या की साजिश रची थी। एसएसपी किशोर कौशल को मिली गुप्त सूचना के आधार पर डीएसपी प्रकाश सिंह के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने कार्रवाई की है। पुलिस ने घटना में शामिल दीपक कुमार गुप्ता के बड़े भाई राधानगर निवासी आनंद कुमार गुप्ता, पुंदाग आईएसएम चौक निवासी अल्तनत खां, रवि स्टील निवासी रितेश वर्मा, और हिंदपीढ़ी कब्रिस्तान लेन निवासी शाहबाज खान को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अपराधियों के पास से पुलिस ने दो देसी पिस्टल, सात जिंदा गोली समेत कई अन्य सामान बरामद किया है। दीपक कुमार गुप्ता की हत्या करने के लिए उनके ही मोहल्ले में अपराधी रेकी कर रहे थे। इसकी सूचना एसएसपी को मिली। जिसके बाद पुलिस टीम का गठन किया गया। पुलिस की टीम जैसे ही राधानगर रोड नंबर 2 पहुंची तो, पुलिस को देख दो शूटर भागने का प्रयास करने लगे। जिसके बाद पुलिस की टीम ने रितेश वर्मा और अल्तनत खां को पकड़ा। दोनों के पास से लोडेड देशी पिस्टल और गोली बरामद किया गया। दोनों अपराधियों से पूछताछ के बाद मिली जानकारी के आधार पर पुलिस की टीम ने इस हत्याकांड की सुपारी देने वाले दीपक कुमार गुप्ता के भाई आनंद कुमार गुप्ता को उनके घर से गिरफ्तार किया। साथ ही इस घटना में शामिल एक अन्य अपराधी शाहबाज खान को हिंदपीढ़ी से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार सभी अपराधियों ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। पुलिस जांच में खुलासा हुआ है कि दीपक कुमार गुप्ता अपने कारोबार में काफी आगे बढ़ गए थे। लेकिन छोटा भाई आनंद का कारोबार कुछ खास नहीं चल रहा था। इसी को लेकर उसने अपने की भाई की हत्या की साजिश रच डाली, ताकि उसकी सारी संपत्ति पर वह कब्जा कर ले।

## 700 ग्राम अफीम के साथ तस्कर गिरफ्तार

**RANCHI :** पंडरा ओपी पुलिस ने 700 ग्राम अफीम के साथ तस्कर गुड्डू कुमार यादव को गिरफ्तार किया है। वह चतरा जिले के जोरी थाना क्षेत्र के सलैया का रहने वाला है। एसएसपी किशोर कौशल ने सोमवार को बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति नशीला पदार्थ को लेकर आईटीआई बस स्टैंड ईटकी रोड में बस पकड़ने के लिए जा रहा है। सूचना के बाद कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त स्थान पर पहुंचकर छानबीन शुरू की। इसी दौरान एक लड़का पुलिस बल को देखकर छिपने का प्रयास करने लगा। पुलिस टीम ने उसे रुकने को कहा तो वह भागने लगा। पुलिस टीम ने दौड़कर उसे पकड़ा।

# नगर निकायों में नक्शा पास करने का सॉफ्टवेयर आज से होगा लाइव, एक सप्ताह तक चलेगा ट्रायल

## 2 अगस्त से नक्शा पास होना हो जाएगा शुरू, राज्य सरकार ने झारखंड हाईकोर्ट को दी जानकारी



**SPECIAL REPORTER RANCHI :** राज्य के नगर निकायों में नक्शे स्वीकृति में पैसों के खेल मामले में कोर्ट के स्वतः संज्ञान की झारखंड हाई कोर्ट में सुनवाई सोमवार को हुई। सुनवाई के दौरान राज सरकार की ओर से बताया गया जो पूर्व में नक्शा पास करने की प्रक्रिया थी उसमें संशोधन कर नया प्रोसेस लागू किया गया है। उस प्रोसेस में नक्शा स्वीकृति की प्रक्रिया 5 चरणों में पूरी हो जानी है। जिसमें नक्शा की वैधता की जांच होनी है और नक्शा पास होना है, इसे लोगों के हित को देखते हुए पूरे राज्य में के नगर निगम में लागू किया जाना है। इसके लिए एक नया सॉफ्टवेयर भी तैयार किया गया है जो मंगलवार को लाइव कर दिया जाएगा। इस नक्शा पास करने के सॉफ्टवेयर की टेस्टिंग और ट्रायल सप्ताह भर चलने की उम्मीद है। नक्शा का निष्पादन इस नए सॉफ्टवेयर से 2 अगस्त से पूरे राज्य में चालू कर दिया जाएगा। कोर्ट ने मामले में आरआरडीए और रांची नगर निगम को लंबित नक्शा के बारे में स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश देते हुए मामले की सुनवाई 3 अगस्त निर्धारित की है।

## मनी लॉन्ड्रिंग मामला : उमाशंकर मालवीय का पासपोर्ट रिलीज करने का हाईकोर्ट ने दिया आदेश

**RANCHI :** मनी लॉन्ड्रिंग मामले में फंसे पूर्व मंत्री भानु प्रताप शाही के तत्कालीन निजी सचिव उमाशंकर मालवीय के पासपोर्ट रिलीज कराने को लेकर दायर क्रिमिनल रिवीजन की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में कोर्ट ने कुछ शर्तों के साथ उमाशंकर मालवीय का पासपोर्ट रिलीज करने का निर्देश दिया। विदेश से लौटने पर उन्हें निचली अदालत में अपना पासपोर्ट जमा करना होगा। उन्होंने कोर्ट से दिसंबर के अंतिम सप्ताह से लेकर मार्च के अंतिम सप्ताह तक के लिए पासपोर्ट रिलीज करने का आग्रह किया था। जिसे कोर्ट ने मंजूर कर लिया। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति गौतम कुमार चौधरी की कोर्ट ने मामले की सुनवाई की । दरअसल ईडी के विशेष न्यायाधीश की कोर्ट ने पासपोर्ट रिलीज करने के उमाशंकर मालवीय की याचिका को खारिज कर दिया था, जिसे उन्होंने हाईकोर्ट में चुनौती दी है। याचिका में कहा गया है कि उनकी बेटी लंदन में हुल यूनिवर्सिटी में लॉ की पढ़ाई कर रही है इसलिए वह लंदन उससे मिलने जाना चाहते हैं। ऐसे में ईडी की अदालत में जमा उनके पासपोर्ट को रिलीज करने का आदेश दिया जाए। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति गौतम कुमार चौधरी की कोर्ट ने मामले की सुनवाई की। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता अनिल कुमार सिन्हा एवं अधिवक्ता निरुपमा ने पैरवी की। गौरतलब है कि उमाशंकर मालवीय पर पूर्व मंत्री भानु प्रताप शाही के द्वारा अर्जित की गई करोड़ों रुपए की अवैध संपत्ति को मनी लॉउड्रिंग करने में सहयोग करने का आरोप है। बता दें कि विजिलेंस थाने में तत्कालीन विधायक भानु प्रताप शाही की आय से अधिक संपत्ति को लेकर दर्ज कांड संख्या 9/ 2009 के आधार पर सीबीआई ने एक प्राथमिकी दर्ज की थी। सीबीआई ने तत्कालीन विधायक भानु प्रताप शाही के खिलाफ 13 मार्च 2005 से 24 जुलाई 2009 की अवधि को चेक पीरियड मानते हुए उनके खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का मामला दर्ज कराया था। बाद में सीबीआई की इसी प्राथमिकी के आधार पर ईडी ने भानु प्रताप शाही, उनके तत्कालीन ओएसडी उमाशंकर मालवीय एवं अन्य के खिलाफ मनी लांड्रिंग का मामला दर्ज किया है।

## देवघर डीसी के खिलाफ कार्रवाई पर 16 अगस्त तक रोक बरकरार

**RANCHI :** झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस संजय प्रसाद की कोर्ट ने देवघर के डीसी मंजूनाथ के खिलाफ कार्रवाई पर रोक बरकरार रखते हुए मामले की अगली सुनवाई 16 अगस्त निर्धारित की है। सांसद निशिकांत दुबे को अगस्त, 2022 में प्लेन से दिल्ली जाने के क्रम में देवघर एयरपोर्ट में रोकने के खिलाफ दिल्ली में दर्ज जीरो एफआईआर को निरस्त करने को लेकर देवघर के डीसी मंजूनाथ भजंत्री की याचिका पर आज आंशिक सुनवाई हुई। मामले में याचिकाकर्ता की ओर से समय की मांग की गई, जिसके बाद कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 16 अगस्त निर्धारित की। पिछली सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार की ओर से बताया गया था कि दिल्ली में दर्ज कराई गई जीरो एफआईआर झारखंड पुलिस को सौंप दी गई है। कोर्ट ने याचिकाकर्ता मंजूनाथ के खिलाफ कार्रवाई पर रोक अगली सुनवाई तक जारी रखी है। प्रतिवादी निशिकांत दुबे की ओर से पार्थ जालान और अमित सिन्हा ने पैरवी की। पूर्व की सुनवाई में कोर्ट को बताया गया था कि निशिकांत दुबे ने आरोप लगाया है कि 31 अगस्त, 2022 की शाम को जब वह प्लेन से दिल्ली जा रहे थे, तो तत्कालीन देवघर उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री के कहने पर सुरक्षाकर्मियों ने देवघर एयरपोर्ट पर उन्हें रोका और जान से मारने की धमकी भी दी। उनके सरकारी कार्य में बाधा डालने का भी निशिकांत दुबे ने आरोप लगाया है।

## रिश्वतखोर प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को एसीबी कोर्ट से दो साल की सजा

**RANCHI :** एसीबी के विशेष न्यायाधीश प्रकाश झा की अदालत ने सोमवार को बुंडू के तत्कालीन प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अश्विनी कुमार सहाय को रिश्वत लेने के आरोप में दोषी करार देते हुए दो वर्ष का सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। यह मामला 17 मई 2012 का है। बुंडू के तत्कालीन प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अश्विनी कुमार सहाय पर बुंडू प्रखंड में जन वितरण प्रणाली की दुकान के आवंटन के लिए 25 हजार रुपये घूस लेने का आरोप है। इस संबंध में सूचक चौधरी महतो ने 14 मई 2012 को एसीबी के एसपी को पत्र लिख कर शिकायत की थी।

## कोर्ट ने रकिबुल हसन उर्फ रंजीत को दिया बहस का अंतिम मौका

**RANCHI :** नेशनल राइफल शूटर तारा शाहदेव के धर्म परिवर्तन, यौन उत्पीड़न व दहेज प्रताड़ना से संबंधित मामले में मुख्य आरोपी रंजीत सिंह कोहली उर्फ रकीबुल की के मामले में सोमवार को सीबीआई की बहस पूरी हो गई। जिसके बाद अब रंजीत कोहली और मुस्ताक अहमद सीबीआई के जवाब पर अपना अंतिम बहस करेंगे। कोर्ट ने इन दोनों को 1 अगस्त तक बात करने का समय दिया है। सीबीआई की ओर से तारा सहदेव द्वारा कोहली पर लगाएं गए आरोपों का समर्थन किया गया। सीबीआई की यह अंतिम बहस 10 जुलाई से चल रही थी।

## नेतरहाट स्कूल को हाईकोर्ट का आदेश- पिछले वर्ष एडमिशन से वंचित तीन बच्चों का लें दाखिला

**RANCHI :** वर्ष 2020-21 में छठी कक्षा में नामांकन के लिए 3 बच्चों की आयु सीमा को मेडिकल बोर्ड द्वारा गलत बताते हुए नामांकन रद्द किए जाने के खिलाफ दाखिल 3 बच्चों की याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में सोमवार को हुई। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति रंगन मुखोपाध्याय की कोर्ट ने मेडिकल बोर्ड द्वारा इन बच्चों की आयु सीमा ज्यादा बताकर नामांकन खारिज करने का आदेश रद्द कर दिया। कोर्ट ने नेतरहाट विद्यालय में इन 3 बच्चों का एडमिशन सातवीं कक्षा में लेने का निर्देश दिया। इससे पूर्व डीसी धनबाद को कोर्ट ने 3 सदस्य समिति गठित कर इन तीन बच्चों की आयु के दस्तावेज की जांच करने का निर्देश दिया था। इसमें डीसी ने पाया गया कि राज्य सरकार द्वारा जारी किए गए इन बच्चों का आयु प्रमाण पत्र सही है। दरअसल, मेडिकल बोर्ड ने इन बच्चों की उम्र सीमा 13- 14 वर्ष बताई थी और इनका नामांकन नेतरहाट आवासीय विद्यालय में लेने से मना कर दिया था।

### सावन की तीसरी सोमवारी पर 12 हजार श्रद्धालुओं ने किया पहाड़ी बाबा का जलाभिषेक

## बाबा के जलाभिषेक को उमड़ी भीड़, गूंजे बोलबम के नारे

**PHOTON NEWS RANCHI :** सावन की तीसरी सोमवारी पर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक के लिए शिवालयों में भीड़ उमड़ी। प्रातः काल से ही शिवालयों के बाहर श्रद्धालुओं की कतारें लग गई। शाम तक मंदिर परिसर बोलबम के जयकारे से गुंजायमान रहा। श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ की पूजा कर सुख समृद्धि की कामना की। पहाड़ी मंदिर का कपाट सुबह 3.30 बजे खोला गया। इससे पूर्व रांची के उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा सपत्नीक सरकारी पूजा में शामिल हुए। बाबा की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर जिले की सुख समृद्धि मांगी। इस दौरान पहाड़ी मंदिर विकास समिति के कोषाध्यक्ष उत्तम कुमार, राजीव केसरी, रणविजय सिंह आदि उपस्थित थे। सुबह नौ बजे तक श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। देर रात तीन बजे से ही कांवरियों व अन्य श्रद्धालु पहुंचने लगे थे। संध्या 06.30 बजे पहाड़ी बाबा का भव्य श्रृंगार किया गया। इसके बाद महाआरती हुई जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। रात नौ बजे तक दर्शन चलता रहा। उत्तम कुमार के अनुसार रात तक करीब 12 हजार श्रद्धालुओं ने पहाड़ी बाबा की पूजा किया। भक्तों की सुविधा के लिए पहाड़ी मंदिर में अरघा सिस्टम से जलाभिषेक की व्यवस्था की गई थी। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच रात नौ बजे तक दर्शन-पूजन चलता रहा। इसके अलावा पिस्का मोड़ विश्वनाथ मंदिर, चुटिया प्राचीन श्रीराम मंदिर, जैप वन, लोअर चुटिया सुरेश्वर महादेव, इक्कीसो महादेव, वर्दमान कंपाउंड शिव मंदिर, मोरहाबादी शिव मंदिर सहित शहर के तमाम शिवालयों में भीड़ रही।



बाबा का जलाभिषेक करने के बाद सेल्फी लेते भक्त ● फोटोन न्यूज

**सुरेश्वर मंदिर में पूजा के लिए लगी एक किमी लंबी कतार**

स्वर्णरेखा नदी तट पर स्थित सुरेश्वर महादेव मंदिर में सावन की तीसरी सोमवारी पर श्रद्धालुओं की काफी भीड़ रही। प्रथम पूजा के उपरांत प्रातः चार बजे मंदिर का पट आम श्रद्धालुओं के खोल दिया गया। सुबह में श्रद्धालुओं की करीब एक किमी लंबी कतार लग गई। कांवरिया कतारबद्ध हो कर बाबा का जयघोष करते हुए आगे बढ़ रहे थे। संध्या में बाबा का भव्य श्रृंगार किया गया और महाआरती हुई। सुरेश्वर महादेव मंदिर के प्रांगण में रांची के विधायक सीपी सिंह आरती में शामिल हुए। मौके पर अनिल टाईगर, मुकेश मुक्ता, समिति के अध्यक्ष सुरेश साहू आदि उपस्थित थे।

**तेतरटोली में भोलेनाथ को पंचगव्य से हुआ महास्नान**

राजधानी रांची के मोरहाबादी के हरिहर सिंह रोड स्थित तेतरटोली शिव मंदिर में सोमवार को अधिक मास की सोमवारी पर रूद्राभिषेक हुआ। बाबा भोलेनाथ को पंचगव्य से महास्नान कराया गया। फिर बेलपत्र, धतूरा, सफेद पुष्प आदि से पूजा कर सुख-समृद्धि की कामना की गई। समस्त पूजा मंदिर के पुजारी पंडित मुकेश मिश्र के देखरेख में संपन्न हुआ।

## मुहर्रम को लेकर डेली मार्केट थाना में शांति समिति की बैठक



डेलीमार्केट थाना परिसर में शांति समिति की बैठक उपस्थित लोग।

**CRIME REPORTER RANCHI :** मुहर्रम पर्व के मद्देनजर सोमवार को डेलीमार्केट थाना परिसर में शांति समिति की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कोतवाली पुलिस उपाधीक्षक प्रकाश सोय ने किया। जबकि संचालन थाना प्रभारी मधुसूदन मोदक ने किया। बैठक में दोनों समुदायों के लोग शामिल हुए तथा दोनों समुदायों के लोगों ने मुहर्रम पर्व को शांति एवं सामाजिक सौहार्द के वातावरण में मनाने का संकल्प लिया। मुहर्रम पर्व को लेकर कानून व्यवस्था तथा लाइसेंसधारी जुलूस के तय रूट आदि पर गहन चर्चा किया गया। इस दौरान सभी स्थानीय मुहर्रम कमिटी के पदाधिकारियों और सामाजिक कार्यकताओं से बारी बारी से विचार विमर्श किया गया। मुहर्रम जुलूस को निर्धारित रुट एवं निर्धारित समय से ही निकालने और समापन करने का निर्देश दिया गया। बैठक में असामाजिक एवं शरारती तत्वों पर कड़ी नजर रखने, जुलूस में मशाल लेकर नही चलने, मरकरी का खेल नही दिखाने, नशा करने वालो को जुलूस में शामिल नहीं होने देने के संबंध में चर्चा की गई।

BRIEF NEWS

## विद्यालयों के आसपास तंबाकू पदार्थों की बिक्री के विरुद्ध जिला शिक्षा अधीक्षक ने चलाया जांच अभियान



**RAMGARH:** रामगढ़ जिला अंतर्गत विद्यालयों के 100 यार्ड की परिधि में तंबाकू पदार्थों की बिक्री पर पूरी तरह से प्रतिबंध सुनिश्चित करने के मद्देनजर उपायुक्त, रामगढ़ माधवी मिश्रा द्वारा दिए गए निर्देश के आलोक में सोमवार को जिला शिक्षा अधीक्षक संजीत कुमार द्वारा रामगढ़ शहर अंतर्गत विभिन्न विद्यालयों के आसपास की दुकानों में तंबाकू पदार्थों की बिक्री के विरुद्ध औचक जांच अभियान चलाया गया। मौके पर जिला शिक्षा अधीक्षक द्वारा रामगढ़ शहर अंतर्गत राधा गोविंद पब्लिक स्कूल, गांधी स्मारक प्लस टू उच्च विद्यालय रामगढ़, छावनी मध्य विद्यालय सुभाष चौक एवं उच्च विद्यालय कोइरीटोला के समीप जांच अभियान के दौरान बड़ी संख्या में दुकानों से तंबाकू पदार्थ यथा सिगरेट, गुटखा, पान मसाला आदि जब्त किया गया जिसके उपरांत जिला शिक्षा अधीक्षक द्वारा दुकानदारों को आगे से ऐसा न करने की कड़ी चेतावनी देते हुए कोटपा अधिनियम के तहत चालान वसूला गया। साथ ही जिला शिक्षा अधीक्षक के नेतृत्व में जब्त किए गए तंबाकू पदार्थों को विधिवत रूप से नष्ट कर दिया गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला शिक्षा अधीक्षक श्री संजीत कुमार ने बताया कि उपायुक्त द्वारा दिए गए निर्देश के आलोक में उनके द्वारा यह जांच अभियान चलाया गया है एवं आने वाले समय में योजनाबद्ध तरीके से इस दिशा में कार्य किया जाएगा।

## भाजपा के सक्रिय सदस्य सुजीत का निधन, शोक



**RAMGARH:** भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ छावनी मंडल के सक्रिय कार्यकर्ता एवं बुथ अध्यक्ष सुजीत गांगुली के निधन से शोक व्याप्त है। रविवार को अचानक तबियत बिगड़ी आनन-फानन में सुजीत को रिम्स में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। निधन की खबर सुनकर भाजपा कार्यकताओं ने उनके घर जाकर शोक जताया । सोमवार संध्या 4 बजे अंतिम यात्रा में भाजपा नेता रविन्द्र प्रसाद शर्मा, भगवान प्रसाद, राजीव रंजन प्रसाद, सूर्यवंश श्रीवास्तव, संतोष कुमार साह, मिथिलेश मंडल, राजेश ठाकुर, जगदीश शर्मा, मणिशंकर ठाकुर, अजय शर्मा, सुनील पासवान, धर्मेन्द्र पासवान, महेश पाण्डे, अमित कुमार ठाकुर, आजसू के कालाचंद सिंह, बंगाली एसोसिएशन से सुबोध चौधरी, समाजसेवी रवि प्रसाद, ध्रुव कुमार सिंह, आलोक चक्रवर्ती सहित कई सदस्य व परिवार, मुहल्ला के गणमान्य लोग शामिल हुए।

## आंगनवाड़ी केंद्र में जागरुकता कार्यक्रम



**RAMGARH:** सोमवार को सक्षम ग्राम पंचायत कार्यक्रम अंतर्गत पतरातू प्रखंड के मॉडल आंगनवाड़ी केंद्र, सिदवार कला में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान नीति आयोग द्वारा आकांक्षी जिला कार्यक्रम अंतर्गत जिले में कार्यरत पीरामल फाउंडेशन के गांधी फेलो द्वारा ग्रामीणों को जागरूक करने का कार्य किया गया। इस दौरान गर्भवती तथा धात्री महिलाओं को जागरूक करते हुए आंगनवाड़ी सेविका मंजू देवी द्वारा बताया कि गर्भावस्था के 270 दिन तथा उसके बाद दो वर्ष तक लगभग 730 दिन बच्चे के सबसे सुनहरे हजार दिन होते हैं। इसी समय बच्चे को सही आहार दिया जाना चाहिए। पौष्टिक आहार के रूप में छह माह तक बच्चे को केवल मां का दूध एवं उसके बाद ऊपरी आहार दिया जाना चाहिये।

# पलामू में गैस सिलेंडर फटा, 10 लोग झुलसे, पांच की स्थिति गंभीर

## CHC में इलाज के दौरान दवा और एम्बुलेंस नहीं मिलने पर लोगों ने किया हंगामा



**PHOTON NEWS PALAMU:** जिले के हरिहरगंज के शहरी इलाके अररूआखुर्द जामा मस्जिद के समीप खाना पकाने के दौरान गैस लिकेज के बाद आग लगकर एक सिलेंडर फट गया, जिससे 10 लोग बुरी तरह झुलस गए। इसमें पांच की स्थिति गंभीर है। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में इलाज के बाद निजी एम्बुलेंस से सभी को रेफर किया गया है।

सीएचसी में इलाज के दौरान दवा और एम्बुलेंस नहीं मिलने पर लोगों ने हंगामा किया। अस्पताल को दो सरकारी एम्बुलेंस मुहैया कराई गई है, लेकिन दोनों लंबे समय से खराब रहने का हवाला देकर अस्पताल परिसर में नहीं लग रही हैं। हालांकि बाद में थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सुदामा कुमार दास ने दवा खरीदकर सभी लोगों को दी और निजी एम्बुलेंस बुलाकर सभी को बेहतर इलाज के लिए भेजा। सिलेंडर फटने के बाद मकान में आग भी लग गई, जिससे लाखों की संपत्ति भी जलकर नष्ट हो गई। बताया जाता है कि सोमवार दोपहर करीब 12 बजे टेलर मास्टरा मो. आजम रिजवी के घर में रसोई गैस पर नाश्ता पकाया जा रहा था। इसी बीच सिलेंडर में गैस रिसाव होने के कारण आग लग गई। संकिर्ण मकान होने के कारण सिलेंडर में आग लगने पर घर के कुछ लोग अंदर फंसकर रह गए। इसी बीच आग लगने की खबर आसपास फैली तो कई लोग मो. आजम के घर पहुंचे और बरामदानुमा कमरे में खड़े थे। इसी क्रम में अचानक से गैस सिलेंडर विस्फोट कर गया, जिससे करीब 10 लोगों की चेहरे और कमर का उपरी हिस्सा बुरी तरह झुलस गया।

आनन फानन में सभी को सीएचसी में भर्ती किया गया। सभी का प्रारंभिक इलाज हुआ और उनकी गंभीर हालत को देखते हुए रेफर करने का निर्णय लिया गया। जख्मी लोगों में मो. आजम की आठ वर्षीय पुत्री उम्मे हबीबा, रसीदा खातुन (45), मोहन कुमार (40), अनंतर हुसैन (40), रोशन कुमार (35), रूही परवीण (30), रामस्वरूप विश्वकर्मा (60), उम्मे हबीबा (45) म, सैकत आलम (16) सहित एक अन्य शामिल है।

**विधायक ने व्यक्त किया दुख, सीएस को लगाई फटकार**

घटना पर क्षेत्रीय विधायक कमलेश कुमार सिंह ने दुःख व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसी घटनाएं किसी भी परिवार को विचलित कर देती है। उन्होंने दवा और एम्बुलेंस नहीं मिलने पर जिले के सिविल सर्जन डा. अशोक कुमार को टेलीफोन पर फटकार लगाई। यह भी कहा कि इस मामले को विधानसभा में उठाएंगे।

# ट्रक ने ऑटो को मारी टक्कर, दो की मौत



**PHOTON NEWS BOKARO:** रामगढ़ धनबाद नेशनल हाईवे-32 पर बोकारो के बारी कोऑपरेटिव मोड़ के पास सोमवार को ऑटो पर डंपर पलट जाने के का?ण ऑटो में सवार दो लोगों की मौत हो गई। मृतकों में ऑटो चालक मोहम्मद शमी उर्फ तेजू और अब्दुल कलाम शामिल हैं। दोनों आजाद नगर के रहने वाले थे। लोगों ने बोकारो रामगढ़ हाईवे पर बारी कोऑपरेटिव के मोड को मुवाबजे की मांग को लेकर जाम कर दिया गया। मुआवजा के तौर पर 20 लाख रुपए ओर मृतक के पत्नी को नौकरी की मांग की। लोगों ने कहा कि जब तक लिखित नहीं मिलेगा तब तक जाम नहीं हटाया जाएगा। वहीं घटनास्थल पर पहुंच कर बोकारो के विधायक बिरांची नारायण ने इस घटना की निंदा करते हुए उन्होंने कहा कि यह घटना बहुत ही दुखद है। सिटी डीएसपी ने कहा कि सुबह सूचना मिली और हमलोग पूरी टीम घटनास्थल पर पहुंच कर मामले को समझा बुझाकर रोड में पड़े मलबे को हटाया गया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया, आगे जो भी सरकारी नियम के अनुसार मुवाबजा होगा मृतक के परिजन को दिया जाएगा।

# प्रेमी युगल ने ट्रेन के नीचे कूदकर की आत्महत्या



**PHOTON NEWS GIRIDIH:** हजारीबाग रो रेलवे स्टेशन के चिचाकी हॉल्ट के समीप एक प्रेमी युगल ने ट्रेन के नीचे जाकर अपनी जान दे दी है। सूचना मिलने के बाद काफी संख्या में लोग मौके पर पहुंच गए। वहीं आरपीएफ के जवान भी घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल दोनों मृतकों की शिनाख्त नहीं हो सकी है। इस संबंध में जीआरपी गोमो के इंस्पेक्टर बी दास ने बताया कि सोमवार सुबह सूचना मिली की चिचाकी हॉल्ट के समीप डाउन रेल पटरी पर मालगाड़ी के नीचे आकर प्रेमी युगल की मौत हो गयी है। दोनों के शव को रेल पटरी से हटा दिया गया गया है और दोनों की शिनाख्त करने का प्रयास किया जा रहा है।

## सांप के डंसने से होटल संचालक की मौत



**KODARMA:** डोमचांच थाना अंतर्गत महेशपुर चौक में होटल में काम करने के दौरान होटल के मालिक की सांप के डसने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार सिमरिया निवासी कपिल देव यादव (35) का महेशपुर चौक पर होटल है। सोमवार को दिन में होटल के अंदर स्थित एक कमरे से कुछ सामान निकालने के दौरान कमरे में पहले से मौजूद एक जहरीले सांप ने उन्हें डस लिया। इसके बाद तुरंत लोगों की सहायता से उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के उपरांत उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# साले ने रची थी बहनोई की हत्या की साजिश, गिरफ्तारी के बाद हुआ खुलासा

## रामगढ़ के रजरप्पा क्षेत्र में सीसीएल कर्मी को मारी गई थी गोली



प्रेस कांफ्रेंस में जानकारी देते रामगढ़ एसपी पीयूष पांडे ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS RAMGARH:** पारिवारिक कलह में इंसान के सब्र का बांध कब टूट जाए यह कहना मुश्किल है। रामगढ़ जिले के रजरप्पा थाना क्षेत्र में एक सीसीएल कर्मी आशीष बनर्जी पर गोली चलने की वारदात का खुलासा हुआ तो उसके पीछे उसके साले इंद्रोनील बनर्जी का नाम सामने आया। लेकिन वजह जानकर हर कोई हैरान रह गया। उसने अपनी बहन और भांजों को न्याय दिलाने के लिए अपने ही बहनोई की हत्या की साजिश रची थी। आशीष बनर्जी अभी भी अस्पताल में भर्ती है। रामगढ़ एसपी पियूष पांडे ने सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि रजरप्पा थाना क्षेत्र में गोलीबारी की वारदात के मुख्य साजिशकर्ता इंद्रोनील बनर्जी को गिरफ्तार कर लिया गया है। वह हम बोकारो जिले के चास थाना क्षेत्र अंतर्गत लोकनाथपुरी, भवानीपुर सौलांगीडीह का रहने वाला है। एसपी ने बताया कि इंद्रोनील बनर्जी एसबीआई बैंक में मैनेजर स्तर का अधिकारी है। लेकिन वह अपनी बहन और भांजो के लिए अपराधी बन गया। उसने पूछताछ के दौरान पुलिस को बताया कि आशीष बनर्जी के साथ उसकी बहन के संबंध अच्छे नहीं थे। दोनों के बीच काफी विवाद चल रहा था। उन दोनों के बीच का मामला कोर्ट में भी था। इस बीच आशीष बनर्जी ने अपनी पत्नी को गुजारा भत्ता देना भी बंद कर दिया था। इंद्रोनील पर अपनी बहन और भांजे के परवरिश का दबाव बढ़ता जा रहा था। आर्थिक रूप से बढ़ता जा रहा है यह दबाव वह झेल नहीं पाया। उसने 5 लोगों के साथ मिलकर हत्या की साजिश रची। हालांकि वह सफल नहीं हुआ। एसपी पीयूष पांडे ने बताया कि आशीष बनर्जी पर गोली चलाने वाले अपराधियों की तलाश अभी भी जारी है। जिन लोगों ने आशीष पर गोली चलाई थी वह कुल पांच लोग थे।

# शोध पत्र से होता योग्यता का विकास : डॉ रेखा प्रसाद




**PHOTON NEWS RAMGARH:** रामगढ़ महाविद्यालय उर्दू विभाग में सेमेस्टर छः के पाठयक्रम पर आधारित तारीख-ए -इसलाम की अजमत विषय पर विभागीय सेमिनार का अयोजन किया गया। इस विषय के अंतर्गत कई उपविषय लेकर विद्यार्थियों ने अपना अपना लेख प्रस्तुत किया। सेमिनार में मुख्य अतिथि के तौर पर रामगढ़ महाविद्यालय के प्राचार्या डॉ रेखा प्रसाद ने कहा कि सेमिनार शोध पत्र प्रस्तुत करने से विद्यार्थियों की शैक्षणिक योग्यता का विकाश होता है शोधार्थी के रूप में विद्यार्थी को शोध पत्र लिखने से पहले कई किताबों और वेबसाइट से अध्ययन करते हैं जो उसके ज्ञान वृद्धि में सहायक सिद्ध होता है। अतः सिर्फ कुछ विद्यार्थी ही शोध पत्र न करें बल्कि सभी विद्यार्थियों को करना चाहिए। उर्दू विभागाध्यक्ष का निरंतर विभागीय सेमिनार का आयोजन करना सराहनीय है। विशिष्ट अतिथि के रूप उपस्थित अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डॉ रत्ना पांडे ने कहा कि तालीम हासिल करने का पहला मकसद एक अच्छा इंसान बनना होता है और जो अच्छा इंसान होता है वह सभी मजहब का सम्मान करता है। जंतुविज्ञान के विभागाध्यक्ष डॉ राजेश कुमार उपाध्याय ने कहा कि इस्लाम धर्म और दूसरे सभी धर्म हमे अच्छा व्यवहार सिखाता है जिसका अनुपालन सुनिश्चित करना चाहिए। पैगंबर मोहम्मद के व्यवहार की सुंदरता आम इंसानों के लिए अनुकरणीय है। सेमिनार की अध्यक्षता करते हुए उर्दू विभागाध्यक्ष डॉ शाहनवाज खान ने कहा कि अध्ययन का कोई विकल्प नहीं है और संक्षिप्त अध्ययन से विशेषज्ञ बनने का सपना देखना उचित नहीं है। सेमिनार की शुरूआत उम्मे सलमा ने तिलावते कुरान पाक से की उसके बाद सालेहा खातून ने नात रसूल का नजराना अकीदत पेश किया। संचालन तलत आफरीन ने किया जबकि रहबरी नाज, गुलबनफशा, रेहाना परवीन, समीना परवीन आदि ने शोध पत्र प्रस्तुत किया। सेमिनार में सैकड़ों विद्यार्थी उपस्थित थे।

## पतरातु के जनसेवकों ने ट्रांसफर के लिए फिर से दिया आवेदन

**RAMGARH:** रामगढ़ जिला में 33 जनसेवकों की नियुक्ति कृषि एवं गन्ना विकास विभाग में हुवा था। जिनमे से कई दूसरे नौकरियों में चले गए। यहां तक कि विभाग का नाम भी अब कृषि पशुपालन एवम सहकारिता विभाग हो चुका है। जनसेवकों का ट्रांसफर का जिम्मा जिला परिषद को है और यह ट्रांसफर की प्रक्रिया सरकारी विभागों में एक नियमित प्रक्रिया है जो प्रत्येक तीन वर्ष के अंतराल में निश्चित रूप से हो जाना होता है। परंतु लगभग 11 वर्ष पूर्ण होने को है, इस दौरान अन्य सभी विभागों में 3 से 4 बार तक विभिन्न सरकारी कर्मियों/पदाधिकारियों का ट्रांसफर हो चुका है, 4 उप विकास आयुक्त का ट्रांसफर हो गया, जनसेवकों का ट्रांसफर करने का हिम्मत कोई पदाधिकारी जुटा नही पा रहे हैं।

# उपायुक्त ने सुनी जनता की समस्याएं

## जल्द निष्पादन के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश



**PHOTON NEWS RAMGARH:** सोमवार को उपायुक्त रामगढ़ सुश्री माधवी मिश्रा ने अपने कार्यालय कक्ष में जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों से अपनी समस्याओं को लेकर उनसे मिलने आए लोगों से मुलाकात की। इस दौरान लोगों ने भूमि, विद्यालयों में नामांकन, विकास कार्यों, मुआवजा, रोजगार, विभिन्न योजनाओं के लाभ सहित अपनी विभिन्न समस्याओं से उपायुक्त को अवगत कराया जिसके उपरांत उपायुक्त ने मामलों के निष्पादन हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

## विद्यालयों के उत्क्रमण को लेकर उपायुक्त की अध्यक्षता में हुआ बैठक का आयोजन

**RAMGARH:** रामगढ़ जिला अंतर्गत सरकारी विद्यालयों के उत्क्रमण को लेकर सोमवार को उपायुक्त, रामगढ़ सुश्री माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान जिला शिक्षा पदाधिकारी श्रीमती कुमारी नीलम के द्वारा उपायुक्त को जानकारी दी गई कि वर्तमान में प्रखंड स्तरीय समिति द्वारा जिले के कुल पांच विद्यालयों के उत्क्रमण हेतु प्रस्ताव भेजा गया है वहीं उन्होंने क्रमवार सभी प्रस्तावों एवं उत्क्रमण हेतु निर्धारित मापदंडों के संबंध में भी उपायुक्त को जानकारी दी। इस संबंध में उपायुक्त ने प्रस्तावों पर चर्चा करते हुए विद्यालयों के उत्क्रमण हेतु प्रस्ताव राज्य स्तर पर भेजने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए वहीं उपायुक्त ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को प्रखंड शिक्षा पदाधिकारियों के माध्यम से यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों को यथासंभव कम दूरी पर ही शिक्षा सुविधाएं उपलब्ध। इसके साथ ही उपायुक्त ने इस दिशा में कार्य करने को लेकर कई महत्वपूर्ण बैठक के दौरान दिए। बैठक में जिला कल्याण पदाधिकारी से रामेश्वर चौधरी सहित अन्य उपस्थित थे।

## समाज को गौरवान्वित करने वाले करिब 100 लोगों को किया गया सम्मामिनत

# रामगढ़ में हुआ मारवाड़ी सम्मेलन का भव्य अधिवेशन



**PHOTON NEWS RAMGARH:** हजारीबाग प्रमंडलीय अधिवेशन प्रांतीय कार्यकारिणी समिति की बैठक एवं प्रांतीय वार्षिक आमसभा का रामगढ़ में रामगढ़ जिला मारवाड़ी सम्मेलन के द्वारा आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष बसंत मित्तल और उद्घाटनकर्ता रांची के समाजसेवी विनय सरावगी रामगढ़ के पूर्व विधायक शंकर चौधरी प्रांतीय महामंत्री रवि शर्मा प्रमंडलीय मंत्री विमल बुधिया रामगढ़ जिला अध्यक्ष महावीर अग्रवाल और अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया कार्यक्रम में मारवाड़ी समाज के चार पूर्व विधायक स्वर्गीय बोदू लाल अग्रवाल स्वर्गीय विश्वनाथ चौधरी स्वर्गीय जमुना प्रसाद शर्मा और शंकर चौधरी के परिवार वालों को शॉल ओढ़ाकर और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया गया। इसके अलावा अपने कार्यों से मारवाड़ी समाज को गौरवान्वित करने वाले करीब एक सौ लोगों को रामगढ़ जिला मारवाड़ी सम्मेलन ने मोमेंटो देकर और शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया ।

उन्होंने कहा कि हम समाज को आगे तभी बढ़ा सकते हैं जब हमारा समाज एकजुट हो और एक मंच पर आकर अपनी आवाज को बुलंद करें। सभी ने कहा कि राष्ट्र और समाज के विकास में मारवाड़ी समाज ने अतुलनीय योगदान दिया है मारवाड़ी सम्मेलन संस्कृति संस्कार और सुधार का अद्भुत संगम है व्यापार के साथ कला संस्कृति तकनीकी व साहित्य के क्षेत्र में भी मारवाड़ी समाज की उल्लेखनिय भूमिका है बहुत कम लोगों को मालूम होगा कि हमारे मारवाड़ी समाज में आजादी के समय करो या मरो आंदोलन के दौरान बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया था उन्होंने कहा कि यह कहना गलत नहीं होगा कि हमारा समाज देश की आर्थिक क्षेत्रों में रीड की हड्डी की तरह कार्य करता है आज मारवाड़ी समाज गद्दी व्यापार और पद का मोहताज नहीं है और देश प्रांत को आगे बढ़ाने में मारवाड़ी समाज का उल्लेखनीय योगदान रहा है।

**प्रमंडलीय मंत्री विमल बुधिया ने कहा कि**

मारवाड़ी समाज का सभी लोग केवल इस्तेमाल कर रहे हैं मारवाड़ी समाज के लोग अपनी ताकत को पहचाने और एकजुट होकर एक मंच पर एक साथ खड़े रहे तो जो लोग मारवाड़ी समाज को इस्तेमाल करने की चीज बना लिया है उनको अपने आप सबक मिल जाएगा ।उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान हर पार्टी के लोग दूसरे समाज के लोगों के साथ बैठकर करते हैं उनके घर पहुंचते हैं लेकिन मारवाड़ी समाज को कोई महत्व नहीं दिया जाता उसका सबसे बड़ा कारण यह है कि मारवाड़ी समाज एकजुट नहीं है अपने समाज के लिए गंभीर नहीं है अपने समाज के लिए उनको पास वक्त नहीं है जिसका फायदा राजनीतिक पार्टी से लेकर अन्य लोग उठा रहे हैं।

श्री अग्रवाल ने कहा कि मेरा तो मानना है कि बिखरा हुआ समाज कभी बादशाह नहीं बन सकता और एकजुट और संगठित मारवाड़ी समाज को बादशाह बनने से कोई रोक नहीं सकता।

# हिंदू जागरण मंच ने पहाड़ी मंदिर में लगाया सेवा शिविर




**PHOTON NEWS RANCHI:** हिंदू जागरण मंच रांची महानगर के द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पहाड़ी मंदिर के मुख्य द्वार पर सेवा शिविर लगाया गया है आज तीसरी सोमवारी पर भी भक्तों के लिए मंच के तरफ से निशुल्क दूध फूल बेलपत्र आदि की व्यवस्था की गई थी भक्तों को किसी प्रकार की परेशानी ना हो इसके लिए मंच के कार्यकर्ता सेवा कार्य में सुबह 4:00 बजे से ही लगे हुए हैं और दर्शनार्थियों का सहयोग कर रहे हैं इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुजीत सिंह, चंदन मिश्रा ,ऋषभ सिंह ,चंदन सिंह, कुशाग्र चौहान, कुमकुम गुप्ता, हर्ष कुमार , धनदीप , रवि चौधरी, अंशु सिन्हा, अभिजीत मिश्रा ,सत्या सिंह, सूरज रजक ,गौतम बर्मन, शशिकांत मिश्रा ,रोहित राज पांडे, शुभम बर्मन , बिंदा बर्नवाल सहित सैकड़ों कार्यकर्ता सेवा कार्य में लगे हुए हैं।

BRIEF NEWS

## सीताराम डेरा में पानी आपूर्ति को लेकर भाजपा के शिष्टमंडल ने जुस्को के जीएम से की मुलाकात



**JAMSHEDPUR:** टिस्को लीज एरिया सीतारामडेरा में काफी घरों में जुस्को की पानी आपूर्ति को लेकर भारतीय जनता पार्टी के शिष्ट मंडल ने रविवार को जुस्को के पानी विभाग के जनरल मैनेजर संजीव कुमार झा से मिला। जहाँ शिष्ट मंडल ने जनरल मैनेजर से मिलकर जनहित की समस्या से अवगत कराया। शिष्ट मंडल भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश शर्मा के नेतृत्व में मिलने पहुंचा। शिष्ट मंडल ने कहा कि लीज एरिया के लोग नियमित रूप से उपभोक्ता है ,लगातार पानी बिजली के बिल का भुगतान करते है, इसके बावजूद पानी का सप्लाई न होना चिंता का विषय है। हर घर मे पानी की आपूर्ति नियमित रूप से करना जुस्को की जिम्मेवारी है। कुछ दिनों से रात 12 बजे पानी की सप्लाई की जा रही है जो सही नही है। पानी न आने के कारण आम जनता काफी परेशान है। जनरल मैनेजरने गंभीरता से समस्या को सुना तथा स्वीकार किया कि इन इलाकों में परेशानी है। उन्होंने अपने विभाग के अधिकारी को निर्देश दिया कि तत्काल नए पाइप लाइन के लिए योजना बनाएं।

## कहानी सुनो कार्यक्रम में बच्चों ने सुनी राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू की कहानी



**JAMSHEDPUR:** रोटी बैंक के माध्यम से स्लम एरिया के गरीब बच्चों के बीच रविवार को भूइंयाडीह स्थित छाया नगर में 'कहानी सुनो कार्यक्रम' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में शिक्षा एवं पढ़ाई के प्रति रूचि जगाना और उन्हे प्रोत्साहित करना है। कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू की जीवन गाथा सुनकर बच्चे काफी रोमांचित हुए। इस अवसर पर बच्चों ने विपरीत परिस्थिति में भी हिम्मत नही हारने का संकल्प लिया । कार्यक्रम में एमबीए की पढ़ाई कर चुकी एवं समाजसेवी सुभश्री दत्ता ने बहुत ही मार्मिक एवं भावपूर्ण अंदाज में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की जीवन गाथा को कहानी के माध्यम से बच्चों के बीच रखा। कहानी सुनकर बच्चें काफी प्रभावित हुए। कार्यक्रम में मौजूद रोटी बैंक के चेयरमैन मनोज मिश्रा ने बताया कि राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू की जीवन यात्रा संघर्षों से भरी हुई है। उन्होंने जिंदगी में कई भूचाल देखे। 2009 से 2014 तक उनकी जिंदगी में एक के बाद एक झटके आए। इस दौरान उन्होंने दो जवान बेटों की मौत देखी। पति का साथ छूट गया। इन सबसे उबर पाना आसान नहीं था। एक समय वह अवसाद से बुरी तरह घिर गई थीं ।

## आरएसपी के 7 अधिकारी हुए पुरस्कृत




**ROURKELA:** राउरकेला इस्पात संयंत्र के दो मुख्य महा प्रबंधकों सहित सात अधिकारियों को कम समय में शीट शीअरिंग लाइन को सामान्य करने में सराहनीय भूमिका के लिए कार्यपालक निदेशक सम्मेलन कक्ष में पुरस्कृत किया गया। कार्यपालक निदेशक एसआर.सूर्यवंशी ने समारोह की अध्यक्षता की। मुख्य महा प्रबंधक (मेकेनिकल) आर. राजेंद्रन, मुख्य महा प्रबंधक (डिजाइन और शॉप्स) रवि रंजन, महा प्रबंधक प्रभारी (डिजाइन और शॉप्स) शेखर नारायण, सहायक महा प्रबंधक (शॉप) केआर मिश्र, मेकानिकल शॉप के वरिष्ठ प्रबंधक डी राउत और सहायक प्रबंधक एस के मोहंती और वरिष्ठ प्रबंधक (आरएसएम) पीके. प्रमाणिक को पुरस्कार प्रदान किया। इस अवसर पर संयंत्र के अन्य मुख्य महा प्रबंधक और वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# NIT राउरकेला के विद्यार्थियों को मिला मिला बंपर ऑफर

## कैंपस प्लेसमेंट के दौरान 330 कंपनियों ने 1534 नौकरी का दिया प्रस्ताव

**बीटेक के 95 प्रतिशत विद्यार्थियों को मिला प्रस्ताव**

**45 हजार से लेकर 1.5 लाख प्रति माह तक का ऑफर, 350 विद्यार्थियों को इंटर्नशिप ऑफर मिला**




| कंपनियाँ | ऑफर |
|---|---|
| टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज | 84 |
| शेल | 62 |
| पीडब्ल्यूसी इंडिया | 45 |
| वेदांता लिमिटेड | 42 |
| डेलॉइट | 30 |
| एल एंड टी कंस्ट्रक्शन | 29 |
| टाटा स्टील लिमिटेड | 23 |
| टेक्सास इंस्ट्रूमेंट्स | 21 |
| आदित्य बिड़ला ग्रुप | 21 |
| क्वालकॉम | 20 |

**PHOTON NEWS ROURKELA:** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, राउरकेला के विद्यार्थियों को कैंपस प्लेसमेंट के दौरान बेहतरीन ऑफर मिला है। कैंपस प्लेसमेंट प्रक्रिया के दौरान 330 से अधिक कंपनियों से कुल 1534 नौकरी के प्रस्ताव प्राप्त हुए। बी.टेक पाठ्यक्रमों के 95 प्रतिशत अधिक विद्यार्थियों को नौकरी मिली। बीटेक के ब्रांच जैसे इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स और इंस्ट्रुमेंटेशन इंजीनियरिंग, सिरामिक इंजीनियरिंग के साथ- साथ दोहरी डिग्री वाले माइनिंग इंजीनियरिंग और सिरामिक इंजीनियरिंग के विद्यार्थियों का 100 प्रतिशत प्लेसमेंट दर्ज किया गया।

एनआईटी राउरकेला ने अपने प्लेसमेंट अभियान के तहत 24 छात्रों ने 50 लाख रुपए प्रति वर्ष (एलपीए) से अधिक का पैकेज हासिल किया है, उनमें से आठ को 52.89 एलपीए के उच्चतम पैकेज के साथ प्रस्ताव मिला है। संस्थान ने विभिन्न क्षेत्रों से मिल रहे प्रस्तावों में उल्लेखनीय वृद्धि देखी। औसत सीटीसी (कॉस्ट टू कंपनी) 2021-2022 में 11.15 एलपीए से बढ़कर 2022-2023 में 12.95 एलपीए हो गई, जिससे 16 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई। इस वर्ष बीटेक के लिए आए प्रस्ताव की औसत सीटीसी 14.22 एलपीए है।

प्लेसमेंट के बारे में बोलते हुए, एनआईटी राउरकेला के निदेशक प्रोफेसर के. उमामहेश्वर राव ने कहा, ₹कुल मिलाकर, एनआईटी राउरकेला का 2022 - 23 प्लेसमेंट प्रक्रिया सफल रहा। प्लेसमेंट और इंटर्नशिप दर एनआईटी राउरकेला के छात्रों द्वारा विकसित शिक्षा और कौशल की गुणवत्ता को दशार्ती है। एनआईटी राउरकेला के छात्रों, शिक्षकों और कैरियर डेवलपमेंट सेंटर (प्लेसमेंट सेल) को उनके प्रयासों के लिए बधाई देता हूं।

एनआईटी राउरकेला के कैरियर डेवलपमेंट सेंटर के प्रमुख प्रो. विभूति बी. नायक ने कहा, ह्लइस साल संस्थान का प्लेसमेंट सीजन जबरदस्त सफल रहा है। हम न केवल लगभग सभी पुराने कंपनी के रखने में कामयाब रहे, बल्कि अच्छी संख्या में नए को भी अपने साथ जोड़ने में कामयाब रहे। इन वर्षों में, हमने उद्योग भागीदारों के साथ मजबूत संबंध बनाए रखे हैं और उद्योगों के साथ इंटर्नशिप, परियोजनाओं और बातचीत के लिए कई अवसर पैदा किए हैं। इस वर्ष एक ऐसी छात्रा भी है जिसने पहले इंटर्नशिप हासिल की और बाद में उसे रू. 83 लाख पर वर्ष का पैकेज के साथ नौकरी (ऑफ कैंपस प्लेसमेंट) की पेशकश

## WOMAN COLLEGE में इंटर का नामांकन शुरू करने की मांग पर छात्र आजसू का विरोध प्रदर्शन



**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR:** इंटरमीडिएट में नामांकन की मांग को लेकर अखिल झारखंड छात्र संघ के द्वारा महिला विश्वविद्यालय में आजसू छात्र संघ के द्वारा सोमवार को विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान छात्रों ने जमकर नारेबाजी की। उसके बाद कुलसचिव राजेंद्र कुमार को ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा गया कि विवि जल्द से जल्द इंटर नामांकन की प्रक्रिया शुरू करे अन्यथा और उग्र आंदोलन छात्र करेंगे। हंगामे को देखते हुए कुलपति एंजिला गुप्ता ने छात्रों को मिलने के लिए बुलाया। उन्होंने कहा कि इंटर में नामांकन को लेकर उच्च शिक्षा विभाग ने जो आदेश जारी किया है। उसमें सिर्फ कॉलेजों में संचालित इंटरमीडिएट में नामांकन लेने की बात कही गयी है। कही भी यह उल्लेख नहीं है कि विवि को भी इंटर में दाखिला लेना है। इसी वजह से हम इंटर में दाखिला नहीं नहीं ले रहे हैं। इस दौरान छात्रों ने स्नातक नामांकन में सीयूईटी के छात्रों को प्राथमिकता देने पर भी सवाल उठाया। छात्रों का नेतृत्व छात्र नेता हेमंत पाठक ने किया। मौके पर दीपक पाण्डेय, श्रेया सिंह, हिमाद्रि महतो, शाहीन सुल्ताना, स्नेहा कुमारी, खुशी दास, राजेश महतो, साहेब बागती, स्वाति कुमारी आदि प्रमुख थे।

**छात्रों की ये हैं प्रमुख मांगें**

- जितने छात्रों ने स्नातक प्रथम सेमेस्टर में नामांकन के लिए फॉर्म भरा है।CUET/ नोर्मल दोनो छात्रों का नामांकन लिया जाय।
- पूर्व की भांति विमेंस विश्वविद्यालय में इंटर का नामांकन फिर से चालू किया जाय।

# नामांकन से वंचित हुए छात्र तो कुलपति समेत DSW, कुलसचिव पर होगा 420 का मुकदमा



**आजसू छात्र संघ की विश्वविद्यालय से मांग**

1. जितने छात्र एडमिशन के फॉर्म भरे है सभी को CUET और साधारण सभी छात्रों का नामांकन सुनिश्चित करना होगा।
2. सभी विभागों में सीटो की संख्या बढ़ाई जाए
3. मेघा सूची का प्रकाशन 12 के अंक के आधार पर हो।कमेटी ने कहा कि उक्त मांग पर अगर विश्वविद्यालय ध्यान नही देता है, तो जोरदार आंदोलन से गुजरना होना क्योंकी छात्रों की अनदेखी आजसू छात्र संघ बर्दास्त नही करेगा।

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR:** आजसू छात्र संघ जिला कमेटी द्वारा राजेश महतो एवं कामेश्वर महतो के नेतृत्व में जमशेदपुर वर्कर्स कॉलेज के प्राचार्य को एक मांग पत्र सौपा गया। इस अवसर पर आजसू छात्र संघ ने कहा कोल्हान यूनिवर्सिटी निरंतर घटिया नीति के कारण छात्रों को नुकसान उठाना पड़ रहा है। कमेटी ने कहा कि अगर विश्वविद्यालय के गलत नीतियों के चलते कोई भी छात्र नामांकन से वंचित हुआ तो कुलपति समेत डीएसडब्ल्यू, कुलसचिव पर 420 का मुकदमा होगा। कमेटी ने बताया कि विश्वविद्यालय के गलत नीतियों के चलते छात्र अपने करियर को लेकर संशय में रहने पर विवश है। ज्ञात हो की यूनिवर्सिटी प्रबंधन द्वारा इस वर्ष उवएळ की व्यवस्था की गई। जिसके चलते छात्रों को इंटर में नामांकन देने के बाद भी फिर एक और परीक्षा और वित्तीय समस्या में फसाया जा रहा है। कमेटी ने बताया कि अब विश्वविद्यालय के द्वारा यह कहा जा रहा है की उवएळ वालों को पहले मौका मिलेगा उसके बाद सामान्य छात्रों को मेघा सूची में शामिल किया जाएगा। कमेटी ने विश्वविद्यालय से पूछा कि क्या 15 जुलाई को उवएळ का रिजल्ट आया।साथ ही पूछा कि उससे पहले जिन छात्रों ने आवेदन किया है, उन छात्रों के साथ अन्याय क्यों किया जा रहा है । कमेटी ने कहा कि इस प्रश्न का जवाब विश्वविद्यालय को देना होगा।

इस अवसर पर कमेटी के कोल्हान वरीय उपाध्यक्ष राजेश महतो ,जिला संयोजक कामेश्वर प्रसाद ,शैलेश सिंह ,अमृतांशु सिंह ,अनिमेष कुमार ,सनी गिरी ,सूरज कुमार,दिलनवाज खान,नीतीश कुमार महतो,शेखर आनंद आदि उपस्थित थे।

## एमडी साकिर हुसैन कांग्रेस के बने प्रदेश महासचिव




**ROURKELA:** मोहम्मद साकिर हुसैन कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश महासचिव नियुक्त हुए है। र क्राइम चेक आर्गेनाईजेशन के टीम ने पुराना बस स्टैंड के पास सोमवार को आयोजित कार्यक्रम के दौरान उन्हे सम्मानित किया। साकिर हुसैन को बुके देकर और मिठाई खिलाकर हर्ष जाहिर किया गया। राउरकेला अल्पसंखक के युवा को इस पदभार देने के लिऐ सभी ने प्रदेश कांग्रेस का आभार जताया। इस मौके पर अमित सिंह, मुख्तार आलम, रेहान रिजवी, शमशाद आलम, सईद अख्तर, जुबेर अहमद, अनिल शर्मा, तुलसी नाग, सानिया परवीन, कविता मिश्र, सुषमा सागर, मलका खानम आदि मौजूद थे।

## सावन की तीसरी सोमवारी पर संकटमोचन मंदिर में हुआ भंडारा



**PHOTON NEWS ROURKELA:** शहर के संकट मोचन मंदिर में सोमवार को कावरियों के लिए भंडारे का आयोजन किया गया। स्वास्तिक लॉज की ओर से सावन महीने के तीसरे सोमवार को लेकर कावरियों के लिए भंडारा का आयोजन किया गया। मंदिर के पुजारी द्वारा भगवान शंकर की पूजा, भगवान हनुमान की पूजा अर्चना करने के बाद प्रसाद चढ़ाया गया।

इसके बाद प्रसाद वितरण शुरू हुआ। खासकर झारखंड व छत्तीसगढ़ से आने वाले कांवरियों ने राउरकेला रेलवे स्टेशन से उतरने के बाद संकट मोचन मंदिर में पूजा अर्चना करने के बाद प्रसाद ग्रहण किया। इस बार कांवरियों की टोली में ज्यादातर झारखंड व छत्तीसगढ़ से कावरिए आए थे। संकट मोचन मंदिर के पुजारी सुदामा पांडे, मुकेश पांडे, दिनेश चौबे, लाला शर्मा समेत यजमान के रूप में अमित अग्रवाल व उनके परिवार के लोग इस प्रसाद सेवन कार्यक्रम में शामिल हुए।

# प्रश्नपत्र लीक होने की पुष्टि होने के बाद जेई (सिविल) की मुख्य परीक्षा रद्द

- बालासोर की एसपी सागरिका नाथ ने बताया कि मामले में नौ लोगों को किया गया गिरफ्तार
- अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर हो रही छापेमारी

**PHOTON NEWS BHUNESWAR:** ओडिशा कर्मचारी चयन आयोग (ओएसएससी) ने कनिष्ठ अभियंता जेई (सिविल) के लिए 16 जुलाई को हुई मुख्य लिखित परीक्षा को रद्द कर दिया है। आयोग ने यह फैसला पुलिस द्वारा परीक्षा प्रश्न पत्र लीक होने की पुष्टि करने के बाद लिया है। ओएसएससी ने एक अधिसूचना में बताया है कि बालासोर पुलिस अधीक्षक (एसपी) की रिपोर्ट के आधार पर परीक्षा को रद्द किया गया है। रविवार को जारी अधिसूचना में कहा गया कि बालासोर के एसपी की रिपोर्ट के आधार पर ओडिशा कर्मचारी चयन आयोग ने संयुक्त तकनीकी सेवा भर्ती परीक्षा-2022 के तहत 16 जुलाई 2023 को आयोजित जेई (सिविल)की मुख्य परीक्षा रद्द करने का निर्णय लिया है। अधिसूचना में बताया गया कि जेइ (सिविल) के लिए मुख्य लिखित परीक्षा नये सिरे से तीन सितंबर को आयोजित की जायेगी। इसमें कहा गया है कि आयोग उम्मीदवारों को हुई असुविधा के लिए खेद व्यक्त करता है। बालासोर की एसपी सागरिका नाथ ने रविवार को आयोजित प्रेस वार्ता में कहा कि प्रश्न पत्र लीक होने की पुष्टि हुई है। उन्होंने कहा कि परीक्षा से पहले जब्त किया गया प्रश्न पत्र, मूल प्रश्न पत्र से मेल खाता है। हमने इसकी सूचना ओएसएससी को दे दी है। नाथ ने कहा कि इसमें कोई दोराय नहीं है कि मुख्य लिखित परीक्षा से पहले प्रश्न पत्र लीक हो गया था। पुलिस ने बताया कि इस मामले में कम से कम नौ लोगों को गिरफ्तार किया गया है और सरगना की पहचान कर ली गई है। उसने बताया कि सरगना दूसरे राज्य का है जिसे गिरफ्तार करने की कोशिश की जा रही है। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार किये गये आरोपी बिचौलिए की तरह कार्य कर रहे थे और उन्होंने स्वीकार किया है कि वे उम्मीदवारों को प्रश्नपत्र मुहैया कराने के एवज में आठ से 10 लाख रुपये ले रहे थे।

## महिला विवि में स्नातक नामांकन के लिए आवेदन की अंतिम तिथि आज

**JAMSHEDPUR:** जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय में स्नातक प्रथम सेमेस्टर में नामांकन के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 25 जुलाई है। यह जानकारी विवि की ओर से दी गयी। वहीं प्राप्त आवेदनों के आधार पर एडमिशन के लिए पहली मेधा सूची 27 जुलाई को जारी की जाएगी और इसी दिन से एडमिशन के लिए प्रमाणपत्रों का वेरीफिकेशन के साथ एडमिशन शुरू होगा जो 1 अगस्त तक चलेगा। जबकि फीस का भुगतान 28 जुलाई से 2 अगस्त तक छात्राएं कर पाएंगी। विवि की ओर से बताया गया कि सीट रिक्त रहने पर 4 अगस्त को दूसरी मेधा सूची जारी की जाएगी और इसके आधार पर 4 से 8 अगस्त तक दाखिला लिया जाएगा जबकि 5 से 10 अगस्त तक फीस जमा होगा।

# आरएसपी में सड़क सुरक्षा को लेकर मानव श्रृंखला बनाई, 350 कर्मचारियों ने लिया भाग




**PHOTON NEWS ROURKELA:** राउरकेला इस्पात संयंत्र में सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता फैलाने के लिए विशाल मानव श्रृंखला कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य कर्मचारियों और हितधारकों को सड़क सुरक्षा के बारे में जागरूक करना और सड़कों पर जिम्मेदार व्यवहार को प्रोत्साहित करना था। राउरकेला इस्पात संयंत्र के मुख्य द्वार के पास आयोजित सड़क सुरक्षा अभियान में अधिकारियों सहित लगभग 350 कर्मचारियों ने भाग लिया। अभियान का नेतृत्व मुख्य महाप्रबंधक आर राजेंद्रन और महाप्रबंधक (सुरक्षा इंजीनियरिंग विभाग)अबकास बेहरा ने किया। मुख्य द्वार से कार्यपालक निदेशक (वर्क्स) चौक तक बनाई गई मानव श्रृंखला में केंद्रीकृत रखरखाव (मैकेनिकल और शॉप्स) के विभिन्न विभाग जैसे फील्ड मशीनरी मेंटेनेन्स (एफएम एम), सिविल इंजीनियरिंग सर्विसेज (सीईएस), परिवहन, शॉप्स, रिपेयर एवं कंस्ट्रक्शन मेंटेनेंस, (आरसीएम), क्रेन मेंटेनेंस, और एमएस(एस) विभागों से उनके संबंधित विभागाध्यक्ष के साथ कार्मिकों की सक्रिय भागीदारी देखी गई। इस दौरान सड़क सुरक्षा के प्रमुख पहलुओं पर प्रकाश डाला गया, जैसे ओवरटेक करने से बचना, लाल बत्ती के उल्लंघन से बचना, गाड़ी चलाते समय सेल फोन का उपयोग सीमित करना, असुरक्षित ड्राइविंग प्रथाओं से दूर रहना और संयंत्र परिसर के भीतर गति सीमा का पालन करना।

## ओडिशा पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा के अनुरोध पर केंद्रीय गृह मंत्रालय ने की कार्रवाई

# चीनी नागरिक गुआनहुआ वांग के खिलाफ LOOKOUT CIRCULAR जारी

**PHOTON NEWS BHUNESWAR:** केंद्रीय गृह मंत्रालय के अंतर्गत आव्रजन ब्यूरो (बीओआई) ने एक बड़े ऑनलाइन पोंजी घोटाले के मुख्य आरोपियों में से एक चीनी नागरिक गुआनहुआ वांग के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर (एलओसी) जारी किया है। अधिकारियों ने बताया कि एलओसी ओडिशा पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) के अनुरोध पर जारी किया गया है। बयान के अनुसार भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की विभिन्न धाराओं, सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) अधिनियम की धारा 66-सी और 66-डी और ओपीआईडी अधिनियम की धारा छह के तहत मामला दर्ज किया गया है। यह मामला आधिकारिक धोखाधड़ी और फर्जी बैंक खातों, मुखौटा कंपनियों, फर्म एवं क्रिप्टो कारोबारियों के जटिल नेटवर्क का इस्तेमाल कर भारत से सैकड़ों करोड़ रुपये की हेराफेरी से संबंधित अखिल भारतीय ऑनलाइन पोंजी घोटाले से जुड़ा है।




गुआनहुआ वांग (40) चीन के झेनजियांग राज्य में शिहु जिले के हांगझोउ शहर का निवासी है। वांग ने 2019 में बेंगलुरु के डिकेंसन रोड पर ह्वबेटेक टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेडह्व नामक कंपनी स्थापित की थी। ईओडब्ल्यू ने भी दावा किया कि वांग फर्जी निदेशकों के माध्यम से बेंगलुरु स्थिति दो और कंपनियों गेमकैंप सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड और बायरोंटेक टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड का भी मालिक था।

ईओडब्ल्यू ने कहा कि वांग 2019 से 2020 के बीच छह बार भारत आया। ईओडब्ल्यू ने कहा कि भारत स्थित अपने सहयोगियों की मदद से वह काम कर रहा था और घोटाले को अंजाम दे रहा था। भारत स्थित उसके सहयोगी फर्जी बैंक खातों, मुखौटा कंपनियों, फर्म और क्रिप्टो कारोबारियों का प्रबंधन व व्यवस्था पर नजर रखते थे और वे जानी मानी शख्सियतों की तस्वीरों से छेड़छाड़ कर विज्ञापन भी प्रसारित करते थे।

शुरूआती जांच के अनुसार इस तरह के पैंतरे अपनाकर भारत से 100 करोड़ रुपये से अधिक की रकम की हेराफेरी की गयी। ईओडब्ल्यू ने उसकी कंपनी के खाते से करीब 70 लाख रुपये जब्त किये हैं और एफआईयू (वित्तीय खुफिया इकाई) को उसके अन्य खातों की विस्तृत जानकारी देने को कहा है।

## मौसम विभाग ने जताया 10 जिलों में भारी बारिश का अनुमान, शहरों में जनजीवन प्रभावित

**PHOTON NEWS BHUNESWAR:** राज्य में बारिश का सिलसिला जारी है। इससे किसान तो खुश हैं, लेकिन शहरी लोगों की परेशानी बढ़ गयी है। शहरों के हर मोहल्ले में जलजमाव होने से लोगों को आवागमन करने में खासे परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों की बात करे तो किसानों ने धानी की बुआई तेजी से शुरू कर दी है। इधर भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने सोमवार को बंगाल की खाड़ी के ऊपर एक चक्रवाती परिसंचरण बनने के साथ ही ओडिशा के 10 जिलों में भारी बारिश होने का अनुमान जताया है। आईएमडी ने एक ट्विटर कर बताया है कि चक्रवाती परिसंचरण के प्रभाव से अगले 24 घंटों के दौरान कम दबाव का क्षेत्र बनने की संभावना है। ओडिशा के गंजम, गजपति, रायगड़ा, मलकानगिरी, कोरापुट, नवरंगपुर, नुआपाड़ा, कालाहांडी, कंधमाल और बोलांगीर के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। येलो अलर्ट के तहत प्रशासन को तैयार रहने की हिदायत दी जाती है। इसके अलावा, आईएमडी ने बताया है कि दक्षिण ओडिशा के जिलों में अधिकतर स्थानों पर और राज्य के बाकी जिलों में कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश या गरज के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। क्षेत्रीय मौसम केंद्र के एक वरिष्ठ वैज्ञानिक ने बताया कि मौसम विभाग ने 28 जुलाई तक ओडिशा में संभावित कम दबाव क्षेत्र बनने से भारी बारिश का अनुमान जताया है।

उन्होंने कहा कि मंगलवार से बारिश तेज हो जायेगी। मौसम विभाग ने बताया कि राज्य में बीते 24 घंटों में 6.4 मिलीमीटर (मिमी) बारिश हुई जो सामान्य वर्षा 7.9 मिमी से 19 प्रतिशत कम है। इस बीच, विशेष राहत आयुक्त सत्यव्रत साहू ने सभी जिलाधिकारियों को सतर्क रहने के लिए कहा है खासतौर से उन जिलों को जहां आईएमडी ने 'येलो अलर्ट' जारी किया है।

# बस्तर के काली मिर्च की शान, नया कीर्तिमान

यह छत्तीसगढ़ के लिए ही नहीं, संपूर्ण देश के लिए गौरव का विषय है कि बस्तर में संचालित मां दंतेश्वरी हर्बल फार्म्स एंड रिसर्च सेंटर से विकसित 'काली मिर्च-16' को उत्पादन की मात्रा, गुणवत्ता तथा सभी मापदंडों पर देश की सर्वश्रेष्ठ काली मिर्च के रूप में केंद्र सरकार के शीर्ष मसाला अनुसंधान संस्थान में दर्ज किया गया है। इसे छत्तीसगढ़ में ब्लैक गोल्ड कहा जाता है। यह देश में नक्सलवाद प्रभावित क्षेत्र के रूप में पहचान रखने वाले छत्तीसगढ़ के बस्तर जनपद की बड़ी सफलता है। इस उपलब्धि का श्रेय डॉक्टर राजाराम त्रिपाठी के कोंडागांव में स्थापित मां दंतेश्वरी हर्बल फार्म्स एंड रिसर्च सेंटर को जाता है। उल्लेखनीय है कि केरल और देश के अन्य भागों में काली मिर्च के एक पेड़ से अधिकतम औसत उत्पादन लगभग पांच किलोग्राम का रहा है। इस सेंटर में विकसित की गई काली मिर्च-16 में औसत उत्पादन मात्रा 8 से 10 किलोग्राम है। उत्पादन की मात्रा के साथ गुणवत्ता में भी यह काली मिर्च अन्य काली मिर्च से बेहतर है। भारतीय मसाला बोर्ड की आधिकारिक पत्रिका स्पाइस इंडिया में प्रकाशित लेख में भारतीय मसाला अनुसंधान विज्ञानियों ने बस्तर की इस काली मिर्च को देश में सबसे अधिक उत्पादन देने वाली प्रजाति बताया है। कोंडागांव क्षेत्र में उगाई जाने वाली इस काली मिर्च के एक पौधे में भारत में काली मिर्च के औसत उत्पादन चार से पांच किलोग्राम से करीब दोगुना आठ से दस किलोग्राम सूखी काली मिर्च का उत्पादन होता है। कृषि क्षेत्र में नवाचार के लिए मशहूर और चार बार देश के सर्वश्रेष्ठ किसान का अवार्ड प्राप्त करने वाले किसान डॉ. राजाराम त्रिपाठी विगत दो दशक से गर्म तथा सूखी जलवायु क्षेत्रों के लिए उपयुक्त काली मिर्च की प्रजाति विकसित करने में लगे हुए थे। सन 2016 में उन्हें इसमें सफलता मिली। आज काली मिर्च-16 केवल बस्तर के किसानों में ही नहीं बल्कि देश के अन्य सभी भागों में भी सफलता पूर्वक उगाई जा रही है। पेड़ों पर ही पकी इस काली मिर्च के देश के साथ-साथ विदेशी भी दीवाने हैं। इस काली मिर्च की गुणवत्ता के सामने बाकी सभी देशी-विदेशी किस्म उन्नीस साबित हुई है। इस सेंटर की काली मिर्च के साथ ही हर्बल चाय, सफेद मूसली, स्टीविया, इंसुलिन पौधा, आस्ट्रेलियन टीक लकड़ी, काला चावल, हल्दी और अन्य सभी हर्बल उत्पादों ने भी देश और दुनिया में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। डॉक्टर राजाराम त्रिपाठी इस सफलता का श्रेय बस्तर की माटी को देते हैं। डॉ. त्रिपाठी कहते हैं, उन्होंने आस्ट्रेलियन टीक वृक्ष के साथ काली मिर्च की खेती की शुरूआत की। इससे उत्पादन बढ़ा। आस्ट्रेलियन टीक में अन्य पौधों की तुलना में करीब 300 गुना नाइट्रोजन की मात्रा को भूमि में संधारित करने क्षमता होती है। इस वजह से प्राकृतिक तरीके से उत्पादन बढ़ता है। डॉ. राजाराम के पितामह शंभूदत्त प्रतापगढ़ से 70 वर्ष पहले छत्तीसगढ़ आए थे।

# अंतरिक्ष से संकेत

हमारा ब्रह्मांड रहस्यों का खजाना है। अब वैज्ञानिकों ने अंतरिक्ष में एक ऐसी रहस्यमय वस्तु का पता लगाया है, जो पिछले तीन दशक से भी अधिक समय से हर 22 मिनट पर पृथ्वी पर रेडियो तरंगें भेज रही है। उस वस्तु या तारे या उपग्रह से ऊर्जा के ये विस्फोट या रेडियो तरंगें पांच मिनट तक चलती हैं। नेचर पत्रिका में प्रकाशित शोध के अनुसार, वैज्ञानिकों ने इस वस्तु का नाम जीपीएम जे1839-10 रखा है। यह वस्तु पृथ्वी से करीब 15,000 प्रकाश वर्ष दूर स्थित है। यह वस्तु चुंबकीय शक्ति वाली हो सकती है। अगर यह कोई तारा है, तो बहुत दुर्लभ किस्म का है, जिसका शायद पृथ्वी से जुड़ाव है। वैसे उस वस्तु या तारे की ओर से आ रहे संकेत अन्य ग्रहों और उपग्रहों पर भी दिख रहे होंगे। इसलिए सुनिश्चित तौर पर यह कहना थोड़ा मुश्किल है कि वह तारा पृथ्वी को ही संकेत भेज रहा है। यह माना जा रहा है कि साल 1988 से ही वहां से संकेत मिल रहे हैं। हालांकि, विशाल ब्रह्मांड में अब जाकर वैज्ञानिकों ने इस संकेत पर गौर किया है। यदि इस संकेत पर गौर करने में ही तीन दशक लग गए हैं, तो पूरे सच के उद्घाटन के लिए हमें ज्यादा इंतजार करना पड़ सकता है। चूंकि ऐसा कोई तारा अभी तक नहीं दिखा है, इसलिए भी इसकी पड़ताल में परेशानी आ रही है। तारों, उपग्रहों या अंतरिक्ष में मौजूद अन्य वस्तुओं के अध्ययन के जो मॉडल हैं, उन सबसे अलग मॉडल इस तारे का लग रहा है। जब वैज्ञानिकों ने गौर किया है, तो इस तारे द्वारा भेजे जा रहे संकेत की चमक अलग प्रकार की है। इस चमक को खुली आंखों से कदापि नहीं देखा जा सकता, वैज्ञानिक इसे उपकरणों के इस्तेमाल से ही देख पा रहे हैं। वैज्ञानिकों ने अभी तक जो अध्ययन किया है, उसके अनुसार, उस तारे से हो रहा उत्सर्जन कुछ-कुछ पल्सर से निकलने वाले विस्फोटों या तेज रेडियो विस्फोटों जैसा लगता है, जो कई सेकंड तक बना रहता है। ध्यान रहे, पल्सर ऐसे तारे होते हैं, जो तेजी से चक्कर काटते हैं और विस्फोट करते हैं। अगर यह वस्तु भी पल्सर है, तो उसका चुंबकीय क्षेत्र काफी सशक्त है, इसके रेडियो विस्फोट भी तेज हैं। अतः यह वैज्ञानिकों के लिए कौतूहल का विषय बन गया है। वैज्ञानिक हर संभावना को खंगालने में जुटे हैं। यह अच्छी बात है कि अंतरिक्ष का अध्ययन पिछले पांच दशकों में बहुत अच्छा हो गया है, इसलिए रेडियो सिग्नलों का भी डाटा दर्ज है।

# क्यों जरूरी है बच्चों को मातृभाषा में शिक्षा देना


ANALYSIS



आर.के. सिन्हा

भारत के पहले राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद और डॉ. बाबा साहेब आम्बेडकर ने भी अपनी स्कूली शिक्षा क्रमशः अपनी मातृभाषा हिन्दी और मराठी में ही ली थी। ये दोनों आगे चलकर अंग्रेजी में भी महारत हासिल करने में सफल रहे। इन दोनों से बड़ा ज्ञानी कौन होगा। यानी आप प्राइमरी तक अपनी मातृभाषा के माध्यम से शिक्षा ग्रहण करने के बाद बेहतर ढंग से आगे बढ़ सकते हैं। टाटा समूह के चेयरमेन नटराजन चंद्रशेखरन ने भी अपनी स्कूली शिक्षा अपनी मातृभाषा तमिल में ही ली थी। उन्होंने स्कूल के बाद इंजीनियरिंग की डिग्री रीजनल इंजीनयरिंग कालेज (आरईसी), त्रिचि से हासिल की। यह जानकारी अपने आप में महत्वपूर्ण इस दृष्टि से है कि तमिल भाषा से स्कूली शिक्षा लेने वाले विद्यार्थी ने आगे चलकर अंग्रेजी में भी महारत हासिल किया और करियर के शिखर को छुआ। बेशक, भारत में अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों में शिक्षा ग्रहण करने की अंधी दौड़ के चलते अधिकतर बच्चे असली शिक्षा को पाने के आनंद से वंचित रह जाते हैं।

अभी कुछ दिन पहले ही केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसआई) ने एक बेहद जरूरी फैसला लिया। इसके तहत अब सीबीएसई स्कूलों को प्री-प्राइमरी से 12वीं कक्षा तक क्षेत्रीय व मातृभाषा में शिक्षा प्रदान करने का विकल्प देगी। अब तक, राज्य बोर्ड स्कूलों के विपरीत, सीबीएसई स्कूलों में केवल अंग्रेजी और हिंदी माध्यम ही शिक्षा प्राप्त करने का विकल्प था। सीबीएसई ने अपने सभी संबंधित स्कूलों से कहा है कि जहां तक संभव हो सके यथाशीघ्र तो पांचवीं कक्षा तक क्षेत्रीय भाषा में या फिर बच्चे की मातृभाषा में पढ़ाई के विकल्प उपलब्ध कराएं। बेशक, यह एक युगांतकारी फैसला है। हरेक बच्चे के पास यह विकल्प होना ही चाहिए कि वह अपनी मातृभाषा में स्कूली शिक्षा ग्रहण कर सके। हां, उसे विषय के रूप में कोई एक भाषा या एकाधिक भाषाएं पढ़ाई जा सकती हैं। भारत के पहले राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद और डॉ. बाबा साहेब आम्बेडकर ने भी अपनी स्कूली शिक्षा क्रमशः अपनी मातृभाषा हिन्दी और मराठी में ही ली थी। ये दोनों आगे चलकर अंग्रेजी में भी महारत हासिल करने में सफल रहे। इन दोनों से बड़ा ज्ञानी कौन होगा। यानी आप प्राइमरी तक अपनी मातृभाषा के माध्यम से शिक्षा ग्रहण करने के बाद बेहतर ढंग से आगे बढ़ सकते हैं। टाटा समूह के चेयरमेन नटराजन चंद्रशेखरन ने भी अपनी स्कूली शिक्षा अपनी मातृभाषा तमिल में ही ली थी। उन्होंने स्कूल के बाद इंजीनियरिंग की डिग्री रीजनल इंजीनयरिंग कालेज (आरईसी), त्रिचि से हासिल की। यह जानकारी अपने आप में महत्वपूर्ण इस दृष्टि से है कि तमिल भाषा से स्कूली शिक्षा लेने वाले विद्यार्थी ने आगे चलकर अंग्रेजी में भी महारत हासिल किया और करियर के शिखर को छुआ।




बेशक, भारत में अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों में शिक्षा ग्रहण करने की अंधी दौड़ के चलते अधिकतर बच्चे असली शिक्षा को पाने के आनंद से वंचित रह जाते हैं। असली शिक्षा का आनंद तो आप तब ही पा सकते हैं, जब आपने कम से कम पांचवीं तक की शिक्षा अपनी मातृभाषा में ही हासिल की हो। विभिन्न अध्ययनों से प्रमाणित हो चुका है कि जो बच्चे मातृभाषा में स्कूली शिक्षा प्राप्त करते हैं, वे अधिक सीखते हैं। अंग्रेजी का विरोध नहीं है या अंग्रेजी शिक्षा या अध्ययन को लेकर कोई आपत्ति भी नहीं है। पर भारत को अपनी भाषाएं, चाहे हिन्दी, तमिल, बांग्ला या कोई अन्य, में प्राइमरी स्कूली शिक्षा देने के संबंध में तो बहुत पहले ही फैसला ले लेना चाहिए था। क्योंकि उसके बिना बच्चों को सही शिक्षा तो नहीं दी जा सकती। हां, शिक्षा के नाम पर प्रमाणपत्र जरूर बांटे जा सकते हैं। याद रखें कि शिक्षा का अर्थ है ज्ञान। बच्चे को ज्ञान कहां मिला? हम तो उन्हें नौकरी पाने के लिए तैयार कर रहे हैं। अभी हमारे यहां पर दुर्भाग्यवश स्कूली या कालेज शिक्षा का अर्थ नौकरी पाने से अधिक कुछ भी नहीं है। आजादी के बाद हिंदी और अन्य भारतीय भाषाओं के उत्थान का जो सपना देखा गया था वह सपना दस्तावेजों और सरकारी कार्यक्रमों में ही दबकर रह गया था। हम सब जानते हैं कि सारे देश में अंग्रेजी के माध्यम से स्कूली शिक्षा लेने- देने की महामारी ने अखिल भारतीय स्वरूप ले लिया है। जम्मू-कश्मीर तथा नगालैंड ने अपने सभी स्कूलों में शिक्षा का एकमात्र माध्यम अंग्रेजी ही कर दिया है। महाराष्ट्र, दिल्ली, तमिलनाडू समेत कुछ और अन्य राज्यों में छात्रों को विकल्प दिए जा रहे हैं कि वे चाहें तो अपनी पढ़ाई का माध्यम अंग्रेजी रख सकते हैं। यानी बच्चों को उनकी मातृभाषा से दूर करने की भरपूर कोशिश हुई। मुझे मेरे एक मित्र, जो राजधानी के मशहूर स्कूल के प्रधानाचार्य रहे हैं, बता रहे थे कि जब वे हरियाणा के करनाल जिले के एक ग्रामीण इलाके में पढ़ा रहे थे तो उन्हें एक नया अनुभव हुआ। वहां पर माता-पिता के साथ बच्चे खुशी-खुशी स्कूल में दाखिला लेने आते। वे नई किताबें और कॉपियां लेकर स्कूल आने लगते। लेकिन, स्कूल में कुछ दिन बिताने के बाद उनका स्कूल से मोहभंग होने लगता। वे कहने लगते कि उन्हें तो पढ़ना आता ही नहीं। वे धीरे-धीरे चुप रहने लगते कक्षा में। इसकी वजह यह थी कि उन्हें पढ़ाया जाता था अंग्रेजी में। उन्हें उनकी मातृभाषा में पढ़ाया जाता तो शायद उनका स्कूल और पढ़ाई से मोहभंग न होता। इस स्थिति के कारण अनेक बच्चे बीच में ही पढ़ाई छोड़ देते। विद्यार्थियों को मातृभाषा में शिक्षा देना मनोवैज्ञानिक और व्यावहारिक रूप से वांछनीय है, क्योंकि, विद्यालय आने पर बच्चे यदि अपनी भाषा में पढ़ते हैं, तो वे विद्यालय में आत्मीयता का अनुभव करने लगते हैं और यदि उन्हें सब कुछ उन्हीं की भाषा में पढ़ाया जाता है, तो उनके लिए सारी चीजों को समझना बेहद आसान हो जाता है। समूचे संसार के भाषा-वैज्ञानिकों, अध्यापकों और शिक्षा से जुड़े अन्य जानकारों की राय है कि बच्चा सबसे आराम से अपनी भाषा में पढ़ाए जाने पर ही शिक्षा ग्रहण करता है। जैसे ही उसे किसी अन्य भाषा में पढ़ाया जाने लगता है, तब ही गड़बड़ चालू हो जाती है। हमारे देश में तो यही होता चला आ रहा है। कई अध्ययनों से साबित हो चुका है कि जो बच्चे अपनी मातृभाषा में प्राइमरी से पढ़ना चालू करते हैं उनके लिए शिक्षा क्षेत्र में आगे बढ़ने की संभावनाएं अधिक प्रबल रहती हैं। यानी बच्चे जिस भाषा को घर में अपने अभिभावकों,भाई-बहनों, मित्रों के साथ बोलते हैं, उसमें पढ़ने में उन्हें अधिक सुविधा रहती है। अफसोस कि हमारे देश के एक बड़े वर्ग ने मान लिया है कि अंग्रेजी जाने-समझे बिना गति नहीं है। इसके चलते हर स्तर पर इसे बढ़ावा देने की मानसिकता नजर आती है। एक तरह से यह सोच घर कर गई है कि अंग्रेजी जाने बिना दुनिया अधूरी-अधकचरी है। बेशक, इसी मानसिकता के चलते हमारे समाज का एक बड़ा हिस्सा अपनी आय का एक बड़ा भाग अपने बच्चों को कथित अंग्रेजी स्कूलों में भेजने पर खर्च करने लगा है। एक अनुमान के मुताबिक, वर्तमान में भारत के 25 फीसद स्कूली बच्चे उन स्कूलों में पढ़ाई शुरू करने लगे हैं, जहां पर मातृभाषा की बजाय शिक्षा का माध्यम अंग्रेजी है। इन बच्चों को शिक्षा का आनंद आ ही नहीं सकता। और इनमें से अनेक अंग्रेजी की अनिवार्यता का चलते स्कूलों को छोड़ देते हैं। खैर, केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसआई) के ताजा फैसले से एक उम्मीद अवश्य जागी है कि चलो हमने भी भारत की अपनी भाषाओं को सम्मान देना भले ही देर से चालू तो किया।

**लेखक, वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं।**

# शहरों को संवारने की कठिन चुनौती

देश की राजधानी दिल्ली के साथ-साथ अनेक राज्यों में आई आकस्मिक बाढ़ और बारिश ने हमारे समक्ष कई प्रश्न खड़े कर दिए हैं। इनके उत्तर हमें तलाशने ही होंगे। हमें विचार करना होगा कि क्या शहरों को स्मार्ट सिटी बनाने के लिए किए जा रहे प्रयास सही दिशा में हैं? हमारी आर्थिक प्रगति के मायने क्या हैं? पिछले कुछ वर्षों में चेन्नई, बेंगलुरु, हैदराबाद, भुवनेश्वर और मुंबई आदि शहरों में भी आकस्मिक बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हुई थी। इससे बचने की दिशा में किए गए उदासीन प्रयासों का ही नतीजा है कि दिल्ली समेत कई शहर जलभराव या बाढ़ से त्रस्त हैं। दशकों तक बाढ़ के खतरे कम करने के लिए किए गए कई उपायों के बावजूद स्थिति में खास सुधार नहीं हुआ है। उत्तर भारत में भारी बारिश और भूस्खलन के कारण आई आकस्मिक बाढ़ में कई लोगों की जान जा चुकी है। नदियों का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर है। जनजीवन अस्तव्यस्त हो चुका है। लोग परेशान हैं। भारी वर्षा और बाढ़ से फसलें, मिट्टी की उर्वरता, सिंचाई के बुनियादी ढांचे और पशुधन आदि को भारी नुकसान पहुंचा है। इससे अर्थव्यवस्था को भी चोट पहुंचती है, क्योंकि हमारे शहर विकास के वाहक हैं। आकस्मिक बाढ़ की गंभीर स्थिति को देखते हुए स्मार्ट सिटी बनाने को लेकर किए जा रहे प्रयासों पर पुनः मंथन की आवश्यकता है। विज्ञानियों के अनुसार जलवायु परिवर्तन के कारण मानसून का पैटर्न बदल रहा है। बादलों के फटने एवं चक्रवातों की आवृत्ति बढ़ी है। पंजाब, हिमाचल, दिल्ली, उत्तराखंड में दो-तीन दिनों में ही लगभग एक महीने की बारिश हो गई है। वर्षा जल के कुशल प्रबंधन के अभाव में आकस्मिक बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। एक तरफ वन क्षेत्रों में होने वाला नुकसान बढ़ता जा रहा है तो दूसरी ओर हिमालय क्षेत्र की संवेदनशील प्रकृति को समझे बिना हो रही निर्माण गतिविधियों से भूस्खलन की घटनाएं बढ़ रही हैं। पिछले वर्ष ऋषिकेश से जोशीमठ तक 247 किमी के क्षेत्र में भूस्खलन की 309 घटनाएं हुई थीं। 1976 में मिश्रा कमेटी ने सुझाव दिया था कि पर्वतीय क्षेत्रों में निर्माण कार्यों को लेकर पर्यावरण की दृष्टि से गहन अध्ययन बहुत अवश्यक है। नियमों की अनदेखी का ही परिणाम है कि उत्तराखंड का जोशीमठ शहर दरकने की स्थिति में है। एक रिपोर्ट के अनुसार बाढ़ के कारण विश्व में होने वाली मौतों में 20 प्रतिशत भारत में होती हैं। रिपोर्ट इस पर भी फोकस करती है कि चेन्नई और मुंबई में आने वाली आकस्मिक बाढ़ का प्रमुख कारण बेतरतीब तरीके से होने वाला शहरीकरण है। अब यह स्पष्ट है कि प्रतिवर्ष मानसून में होने वाली भारी बारिश से उत्पन्न आकस्मिक बाढ़ की स्थिति के लिए प्राकृतिक कारणों से अधिक मानवीय कारक जिम्मेदार हैं। शहरों की पुरानी हो चुकी जल निकासी व्यवस्था तेजी से बढ़ती जनसंख्या के भार को वहन नहीं कर पा रही है। ठोस कचरे का उचित प्रबंध न होना, निर्माण गतिविधियों से निकलने वाले मलबे और औद्योगिक कचरे की गाद से जल निकास प्रणाली की क्षमता और भी कम होती जा रही है। जल निकास स्रोतों के किनारों पर बढ़ती झुग्गियों और कंक्रीट निर्माण ने नदियों और नहरों की सीमाओं पर भी अतिक्रमण किया है। इससे आने वाली आकस्मिक बाढ़ से न सिर्फ बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचता है, बल्कि बचाव, राहत और पुनर्वास पर किए जाने वाले भारी व्यय का अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक प्रभाव भी पड़ता है। बाढ़ के बाद स्वच्छता की कमी, पशुओं की मृत्यु और गंदे पानी के परिणामस्वरूप मलेरिया, डायरिया और अन्य जलजनित रोगों के फैलने की आशंका भी बढ़ जाती है। विश्व बैंक की एक रिपोर्ट बताती है कि आने वाले समय में पूरे दक्षिण एशिया में तापमान के तेजी से बढ़ने से आकस्मिक बाढ़ की आशंका बढ़ेगी। इससे भारत, पाकिस्तान और बांग्लादेश सर्वाधिक प्रभावित होंगे। भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए केंद्र, राज्य सरकारों और लोगों की सहभागिता अति आवश्यक है। भूस्खलन वाले क्षेत्रों में वृक्षारोपण पहली आवश्यकता है। अनुसंधान, नवाचार एवं एआइ तकनीक का संचार क्षमताओं के साथ समन्वय कर सटीक मौसम पूवार्नुमान क्षमता को भी समृद्ध करना होगा। प्रभावी शहरी नियोजन और भूमि उपयोग प्रबंधन प्रथाओं को भी बढ़ावा देना होगा। वाटर शेड प्रबंधन एवं मृदा संरक्षण, उचित जल निकासी, नदी तटबंधों का निर्माण, बाढ़ रोकथाम तकनीक आदि के लिए बुनियादी ढांचे में निवेश करने की भी आवश्यकता है। बरसात से पहले और बाद में संरचनात्मक उपायों के लिए अफसरशाही को जिम्मेदार बनाया जाना चाहिए। राष्ट्रीय बाढ़ जोखिम शमन परियोजना, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन योजना, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, भारत मौसम विज्ञान विभाग, केंद्रीय जल आयोग, राष्ट्रीय रिमोट सेंसिंग सेंटर आदि संस्थाओं में समन्वय और सहयोग बढ़ाने के साथ-साथ उनकी गतिविधियों में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए इन संस्थाओं की जवाबदेही भी तय की जानी चाहिए। भारत के बड़े शहर साल भर चक्रीय तरीके से बाढ़ और पानी की कमी की दोहरी चुनौती का सामना करते हैं। इस चुनौती से ढांचागत हस्तक्षेप के द्वारा ही निपटा जा सकता है। भारत में बाढ़ प्रबंधन प्रणाली को और अधिक उपयुक्त और मजबूत बनाने के लिए प्रगतिशील प्रबंधन दृष्टिकोण को अपनाना होगा। नदियों में पानी अधिक होने के कारण बाढ़ को रोकना पूरी तरह संभव नहीं, लेकिन बाढ़ से उत्पन्न होने वाले जोखिम कम करने के उपाय किए जा सकते हैं। नई सूचना और संचार तकनीक द्वारा ऐसे शहरों की परिकल्पना को साकार करना होगा, जो गुणवत्तापूर्ण जीवन के साथ स्वच्छ और टिकाऊ पर्यावरण प्रदान करें।

# Social Media Corner

सच के हक में...



श्री मदन दास देवी जी के देहावसान से अत्यंत दुख हुआ है। उन्होंने अपना पूरा जीवन राष्ट्रसेवा में समर्पित कर दिया। उनसे मेरा न सिर्फ घनिष्ठ जुड़ाव रहा, बल्कि हमेशा बहुत कुछ सीखने को मिला। शोक की इस घड़ी में ईश्वर सभी कार्यकताओं और उनके परिवारजनों को संबल प्रदान करे। ओम शांति!

**(प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ट्विटर अकाउंट से)**



लाल डायरी का क्या मकड़जाल है? झारखंड में भी केन्द्रीय एजेंसियों को ऐसी ही डायरी हाथ लगी थी। छत्तीसगढ़ में भी लाल डायरी मिली। दिल्ली शराब घोटाला केस में सीबीआई को लाल डायरी मिली। अब राजस्थान के बर्खास्त मंत्री ललकारकर कह रहे हैं कि अगर मैं ¥लाल डायरी¥ खोल दूं तो अशोक गहलोत जेल में होंगे। पत्रकार साथी यह रहस्य सुलझाएं कि धन पशु लोग लाल डायरी पर ही विश्वास क्यों करते हैं? क्या विशेषता है इसमें?

**(पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी के ट्विटर अकाउंट से)**

# योगी सरकार, शिक्षा में बड़ा सुधार

योगी सरकार ने छह वर्ष में उत्तर प्रदेश में विकास के नये आयाम स्थापित किए हैं। इसमें शिक्षा भी शामिल है। माध्यमिक और बेसिक शिक्षा पर इतना ध्यान पहले कभी नहीं दिया गया।ऑपरेशन कायाकल्प योगी आदित्यनाथ की अभिनव योजना रही है। परिषदीय विद्यालयों में इंफ्रॉस्ट्रक्चर डेवलपमेंट के लिए ऑपरेशन कायाकल्प के पहले चरण में किए गए प्रयासों में आशातीत सफलता मिली है। इस अवधि में परिषदीय विद्यालयों के इंफ्रॉस्ट्रक्चर को मजबूत करने के लिए 11 हजार करोड़ रुपये खर्च किये गए। बेसिक शिक्षा परिषद तथा माध्यमिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों में एक लाख 64 हजार से अधिक शिक्षकों की भर्ती की गई है। बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों में करीब साठ नये विद्यार्थियों का नामांकन हुआ। सितंबर तक प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों के 2.36 लाख शिक्षकों को टैबलेट उपलब्ध कराए जाएंगे। शिक्षकों को ट्रेनिंग दी जाएगी। टैबलेट में शासकीय कार्यक्रमों की योजनाओं के बारे में जागरुकता सामग्री प्री-लोडेड होगी। अब ऑपरेशन कायाकल्प के दूसरे चरण की शुरूआत की तैयारी शुरू हो रही है। इंफ्रॉस्ट्रक्कर के साथ शैक्षिक गुणवत्ता, पठन-पाठन का माहौल, तकनीकी दक्षता, डिजिटल लर्निंग और वोकेशनल शिक्षा की ओर बढ़ना होगा। विद्यालयों में ह्यएट ग्रेड लर्निंगह्ल की व्यवस्था होगी। मुख्यमंत्री अभ्युदय कम्पोजिट विद्यालयों को प्रारम्भिक तौर पर पायलट प्रोजेक्ट के रूप में लिया जाएगा। सभी जनपदों में एक विद्यालय मुख्यमंत्री अभ्युदय कम्पोजिट विद्यालय के रूप में विकसित किया जाएगा। प्रोजेक्ट अलंकार के तहत माध्यमिक विद्यालयों के जीर्णोद्धार कार्य को तेजी से आगे बढ़ाया जाएगा। शासकीय के साथ-साथ वित्त पोषित अशासकीय विद्यालयों में सम्बन्धित प्रबन्ध तंत्र के सहयोग से जीर्णोद्धार होगा। उत्तर प्रदेश के विकास पर नीति आयोग की रिपोर्ट चर्चा में है। इसके आधार पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सुशासन का आकलन किया जा सकता है। नीति आयोग की रिपोर्ट में कहा गया कि यूपी विकसित प्रदेश बनने की दिशा में अग्रसर है। छह वर्ष में साढ़े पांच करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर आ चुके हैं। लोग समर्थ और सक्षम बन रहे हैं। नीति आयोग के निर्धारित मानकों में शिक्षा सबसे महत्वपूर्ण था। नई शिक्षा नीति लागू होने के बाद शिक्षा के सभी स्तरों पर व्यापक सुधार हुआ है। राज्य में 746 कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों के क्रमिक उन्नयन तथा आंगनबाड़ी केन्द्रों को प्री-प्राइमरी के रूप में विकसित करने का कार्य किया जा रहा है। इस क्रम में मुख्यमंत्री ने लोक भवन में बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को ड्रेस, स्वेटर, स्कूल बैग, जूता-मोजा एवं स्टेशनरी क्रय के लिए धनराशि का डीबीटी के माध्यम से अन्तरण प्रक्रिया का शुभारम्भ किया। इसके अलावा योगी सरकार ने नकल विहीन परीक्षा सुनिश्चित की गई। इससे देश में यूपी की शिक्षा का महत्व और सम्मान बढ़ा है। शिक्षा में किया गया निवेश कभी व्यर्थ नहीं जाता। शिक्षा देश और समाज के भविष्य को संवारने का माध्यम है। छह वर्ष पहले प्रदेश में मात्र बारह राजकीय मेडिकल कॉलेज थे। विगत छह वर्षों के प्रयास के बाद आज पैंतालीस जनपदों में सरकारी मेडिकल कॉलेज संचालित हैं। आज प्रदेश में 22 राज्य विश्वविद्यालय व तीन केन्द्रीय विश्वविद्यालय संचालित हैं। छत्तीस निजी विश्वविद्यालय, दो एम्स हैं। दो आईआईटी व आईआईएम संचालित हैं। दो हजार से अधिक पॉलिटेक्निक व वोकेशनल इंस्टीट्यूट भी संचालित हैं। कुछ दिन बाद हर जिले में विश्वविद्यालय नजर आएंगे।

# I WANT TO SAY...

THE PHOTON NEWS



सरकारी कार्यालयों के रखरखाव व सुविधाओं पर बड़ी रकम खर्च की जाती है। इसके लिए बाकायदा बजट का प्रावधान होता है। जाहिर है आवंटन होता है और काम हो जाने के बाद उपयोगिता प्रमाणपत्र भी बन जाता है। इसके बावजूद तमाम सरकारी कार्यालयों के मेंटेनेंस की स्थिति खराब है। राजधानी के समाहरणालय को लें तो यहां मेंटेनेंस की स्थिति कोई बहुत अच्छी नहीं है। समाहरणालय में उपायुक्त सहित जिला के तमाम पुलिस व प्रशासन के अधिकारी बैठते हैं। आला अधिकारी प्रतिदिन तमाम कार्यालयों का निरीक्षण करते हैं। समाहरणालय में ही अग्निशमन व्यवस्था की स्थिति कुछ अच्छी नहीं है। अधिकारी के चैंबर के बाहर लगे फायर एक्सटींग्यूशर एक्सपायर हो चुके हैं लेकिन किसी की इसपर नजर नहीं पड़ती। एक-दो अधिकारियों के कार्यालय को छोड़ दें तो लगभग सभी अधिकारी के कार्यालय के बाहर लगे फायर एक्सटींग्यूशर एक्सपायर हो चुके हैं। कई फायर एक्सटींग्यूशर तो वर्ष 2000 में ही एक्सपायर हो चुके हैं। उन्हें रिप्लेस नहीं किया गया। स्थिति ये है कि रिफिलिंग के समय जो तिथि पर्ची लगी है उसपर धूल की मोटी परत जम चुकी है। पेयजल एवं स्वच्छता स्वर्णरेखा शीर्ष कार्य प्रमंडल कार्यालय का हाल भी खराब है। यहां की दीवार एक साल से टूटी हुई है। अब तक इसे बनाया नहीं गया। दीवार की मरम्मत नहीं होने से चोर कीमती सामान चुरा रहे हैं। मरम्मत नहीं होने के पीछे फंड नहीं होने की बात कही जा रही है। वहीं, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग का वेयर हाउस पहले ही कबाड़ हो चुका है। अब वेयर हाउस में बकरी पालन का काम चल रहा है। यह बकरी पालन विभाग के कर्मचारी कर रहे हैं।

**अनिल महतो (टाईगर), पूर्व जीप सदस्य सह भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य।**

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PVT.LTD, Ratu, Kathitand, Near Tender Bagicha, H.P. Petrol Pump P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, Jharkhand-835222, and Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001. Editor- Fahim Akhtar. E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

## विश्वकप के लिए शुरुआती 15 खिलाड़ियों में शामिल नहीं सूर्यकुमार,

# राहुल और अय्यर को जगह मिलना तय

### –ईशान और संजू दूसरे विकेटकीपर की रेस में शामिल

**मुम्बई (एजेंसी)।** इस साल अक्टूबर-नवंबर में होने वाले विश्वकप क्रिकेट के लिए आक्रामक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव को शुरुआती 15 खिलाड़ियों में शामिल नहीं किया जाएगा। वहीं युवा विकेटकीपर बल्लेबाजों ईशान किशन और संजू सैमसन को इसमें जगह मिली है। विश्वकप को देखते हुए भारत और वेस्टइंडीज के बीच 27 जुलाई से शुरु हो रही तीन मैचों की सीरीज अहम मानी जा रही है। इसमें खिलाड़ियों के प्रदर्शन को देखने के लिए मुख्य चयनकर्ता अजीत आगरकर भी वेस्टइंडीज पहुंच गये है। वह कप्तान रोहित शर्मा और कोच राहुल द्रविड़ से एशिया कप से लेकर विश्व कप तक के लिए खिलाड़ियों को लेकर बात करेंगे। वहीं बीसीसीआई के एक अधिकारी ने कहा कि सूर्यकुमार को विश्वकप के लिए केवल सिर्फ बैकअप के तौर पर ही रखा जाएगा क्योंकि एकदिवसीय में उनका रिकार्ड अच्छा नहीं है। सूर्यकुमार के एकदिवसीय के रिकॉर्ड को देखें तो उन्होंने 23 मैच की 21 पारियों में 24 की औसत से 433 रन ही बनाये हैं। इसमें 2 अर्धशतक लगाये हैं। उपना सबसे अधिक स्कोर 64 रन है।

साथ ही कहा कि लोकेश राहुल और श्रेयस अय्यर टीम में जगह बनाने की दौड़ में सूर्यकुमार से कहीं आगे हैं। सूर्या को विश्व कप के लिए 15 सदस्यीय टीम में जगह नहीं मिलेगी। वह रिजर्व खिलाड़ी के तौर पर टीम में रखे जा सकते हैं।

ऋषभ पंत के उपलब्ध नहीं होने के कारण मुख्य विकेटकीपर के तौर पर लोकेश राहुल को जगह मिलना तय है। ऐसे में दूसरे विकेटकीपर के तौर पर ईशान किशन या संजू सैमसन में से किसी एक ही अवसर मिलेगा। अब देखना है कि वेस्टइंडीज सीरीज में दोनों में से टीम प्रबंधन किसे अवसर देता है। जिसको भी अवसर मिलेगा विश्वकप में उसको खेलना तय रहेगा।




सैमसन ने अबतक 11 एकदिवसीय की 10 पारियों में 66 की औसत से 330 रन बनाए हैं जिसमें 2 अर्धशतक शामिल हैं। इसके साथ ही नाबाद 86 रन उनका सबसे अधिक स्कोर है। दूसरी ओर ईशान ने एकदिवसी की 13 पारियों में 43 की औसत से 510 रन बनाए हैं जिसमें एक शतक और 3 अर्धशतक शामिल हैं।

# भारतीय टेनिस खिलाड़ी करमन ने इवान्सविल में जीता ऐतिहासिक खिताब



**इवान्सविल (एजेंसी)।** भारतीय टेनिस खिलाड़ी करमन कौर थांडी ने यहां आयोजित आईटीएफ डब्ल्यू60 इवान्सविल के फाइनल में यूक्रेन की यूलिया स्तारोदुब्तसेवा को हराकर एकल खिताब जीत लिया है। राउंडग्लास अकादमी की करमन ने रविवार को हुए फाइनल में अपने यूक्रेनी प्रतिद्वंदी को 7-5, 4-6, 6-1 से मात दी। इस जीत के साथ करमन सानिया मिर्जा के बाद अमेरिका में प्रो खिताब जीतने वाली एकमात्र भारतीय महिला बन गयीं। करमन ने फाइनल तक पहुंचने के लिये पहले राउंड में मेक्सिको की मारिया फर्नांडा नवारो और दूसरे राउंड में अमेरिका की मारिबेला ज़मारिप्पा को हराया था। क्वार्टरफाइनल में अमेरिका की वाइल्ड कार्ड प्रवेशी एली किक को सीधे सेटों में हराने के बाद उन्होंने सेमीफाइनल में अमेरिका की मेकाटर्नी केसलर को मात दी थी।

करमन वर्तमान में डब्ल्यूटीए एकल रैंकिंग में 261वें स्थान पर हैं और देश की दूसरे नंबर की महिला खिलाड़ी हैं। वह हाल ही में कनाडा के सास्काटून चैलेंजर डब्ल्यू60 की युगल स्पर्धा और अमेरिका में आयोजित डब्ल्यू60 सुमेर पाल्मेटो प्रो ओपन की एकल स्पर्धा में उपविजेता रही थीं। करमन राउंडग्लास टेनिस अकादमी के तकनीकी निदेशक और कोच आदित्य सचदेवा एवं उनकी टीम के साथ प्रशिक्षण ले रही हैं।

कोच सचदेवा ने कहा, 'दो बार उपविजेता रहने के बाद यह जीत करमन का आत्मविश्वास बढ़ाने के लिये एक अच्छे समय पर आई है क्योंकि वह अमेरिकी ओपन में जगह बनाने के लिये खुद को तैयार कर रही हैं। उनका हालिया फॉर्म उनकी कड़ी मेहनत और दृढ़ता का प्रमाण है। हमें उम्मीद है कि वह आगे भी इस फॉर्म को बनाए रख सकेंगी।'

## टीम ने बनाया नया वर्ल्ड रिकॉर्ड, सबसे तेज रन जोड़ने में रोहित - यशस्वी ने किया कमाल




**दुबई (एजेंसी)।** भारत और वेस्टइंडीज के बीच जारी टेस्ट मैच में रोहित ब्रिगेड ने अपनी दूसरी पारी में तेजी से रन बनाए है। भारत ने वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे क्रिकेट टेस्ट के चौथे दिन दूसरी पारी में दो विकेट के नुकसान पर 181 रन बना कर पारी घोषित कर दी है। इस दौरान इशान किशन ने ऋषभ पंत के बल्ले से धमाकेदार अर्धशतक भी जड़ा। मैच को बारिश के कारण बीच में रोकना भी पड़ा था। अब मेजबान टीम को 365 रनों का लक्ष्य मिला है, जिसमें दो विकेट खोकर टीम 76 रन बना चुकी है।

इस मैच में भारत ने शानदार रिकॉर्ड भी बनाया है। मैच में भारतीय टीम ने 100 रन सिर्फ 74 गेंद पर ही बना लिए है। भारत ने इस दमदार गति से रन बनाकर शानदार रिकॉर्ड भी बनाया है। टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में सबसे तेज 100 रन बनाने का रिकॉर्ड भी भारतीय टीम के पास आ गया है। इस मुकाबले में रोहित शर्मा ने (57 रन, 44 गेंद, 5 फोर, 3 सिक्स) और यशस्वी जायसवाल (38 रन, 30 गेंद, 4 फोर, 1 सिक्स) की पारी खेली। मैच के दर्शकों को टेस्ट मैच में टी20 का मजा मिला। इस मैच में रोहित शर्मा ने सिर्फ 35 गेंदों में ही अपना अर्धशतक पूरा किया। भारत ने टेस्ट क्रिकेट में सबसे तेज 100 रन बनाकर इतिहास रच दिया है। भारत से पहले ये रिकॉर्ड श्रीलंका की टीम के पास था। श्रीलंका की टीम ने टेस्ट क्रिकेट में 80 गेंदों में 100 रन बनाए थे। श्रीलंका ने ये उपलब्धि बांग्लादेश के खिलाफ खेले गए मुकाबले में हासिल की थी।

# दूसरे सत्र का अधिकांश खेल बारिश की भेंट चढ़ा, भारत को 301 रन की बढ़त

**पोर्ट ऑफ स्पेन। (एजेंसी)।** वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे क्रिकेट टेस्ट के चौथे दिन रविवार को यहां बारिश के कारण दूसरे सत्र में सिर्फ तीन ओवर का खेल हो पाया लेकिन भारत चाय तक अपनी कुल बढ़त को 301 रन तक पहुंचाने में सफल रहा। दूसरी पारी में भारत ने तूफानी शुरुआत करते हुए लंच से पहले सिर्फ 12 ओवर में एक विकेट पर 98 रन बनाए। बारिश के कारण लंच का ब्रेक जल्दी लेना पड़ा। लंच के बाद तीन ओवर में भारत ने 20 रन जोड़कर स्कोर दो विकेट पर 118 रन तक पहुंचाया। मेहमान टीम ने इस दौरान सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल (30 गेंद में 38 रन) का विकेट गंवाया। इसके बाद दोबारा बारिश होने लगी और खेल रोकना पड़ा।

बारिश के कारण खेल रोके जाने के समय शुभमन गिल 10 जबकि इशान किशन आठ रन बनाकर खेल रहे थे। पांचवें दिन भी बारिश की भविष्यवाणी की गई है और ऐसे में भारत वेस्टइंडीज को दूसरी पारी में आउट करने के लिए पर्याप्त समय चाहेगा जिससे की श्रृंखला में क्लीनस्वीप कर सके। जायसवाल दूसरे सत्र में आउट होने वाले एकमात्र बल्लेबाज रहे। उन्होंने दूसरे सत्र के पहले ओवर में जोमेल वारिकन की गेंद को स्लॉग स्वीप करने की कोशिश में विकेटकीपर जोशुआ डा सिल्वा को कैच थमाया। कप्तान रोहित शर्मा (44 गेंद में 57 रन) ने भी दो जीवनदान का फायदा उठाते हुए सिर्फ 35 गेंद में अपना सबसे तेज टेस्ट अर्धशतक बनाया। रोहित ने शेनन गैब्रिएल की गेंद पर फाइन लेग पर अल्जारी जोसेफ को कैच थमाया।





उन्होंने जायसवाल के साथ पहले विकेट के लिए 98 रन की साझेदारी की। इससे पहले मोहम्मद सिराज ने 23.4 ओवर में 60 रन पर पांच विकेट चटकाते हुए वेस्टइंडीज के निचले क्रम को ध्वस्त किया। वेस्टइंडीज ने दिन की शुरुआत पांच विकेट 229 रन से की और 26 रन जोड़कर बाकी पांच विकेट भी गंवा दिए जिससे पूरी टीम 255 रन पर सिमट गई और भारत ने 183 रन की बढ़त हासिल की। मोहम्मद शमी और चोटिल जसप्रीत बुमराह की गैरमौजूदगी में कैरेबियाई सरजमीं पर भारत के तेज गेंदबाजी आक्रमण की अगुआई कर रहे सिराज ने अपनी जिम्मेदारी बखूबी निभाई। वेस्टइंडीज के बल्लेबाजों को सुबह के सत्र में उनका सामना करने में काफी दिक्कतें आईं। भारत को दिन की पहली सफलता पदार्पण कर रहे मुकेश कुमार ने दिलाई।

## पाक क्रिकेटरों ने पीसीबी के सामने वेतन बढ़ाने के साथ ही कई और मांगे रखीं

लाहौर ।पाकिस्तान क्रिकेट टीम ने पाक क्रिकेट बोर्ड (पीसीसी) से वेतन बढ़ाने के साथ ही केन्द्रीय अनुबंध को बेहतर बनाने की मांग की है।पीसीबी का केन्द्रीय अनुबंध 30 जून को ही समाप्त हो गया है और इस समय पाक टीम बिना किसी करार के श्रीलंका में सीरीज खेल रही है।पाक खिलाड़ियों ने मुख्य रुप से चार मांग रखीं हैं जिनपर श्रीलंका दौरे के बाद फैसला होने की संभावना है।वहीं पीसीबी के अनुसार अब तक खिलाड़ियों ने अनुबंध विस्तार के किसी समझौते पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं।खिलाड़ी पीसीबी की नई प्रबंधन समिति के प्रमुख जका अशरफ से बात करना चाहते हैं। वे चाहते हैं कि पूर्व प्रमुख नजम सेठी के कार्यकाल में वेतन में 45 फीसदी बढ़ोतरी की जो बात हुई थी उसे अमल में लाया जाये।और खिलाड़ी इसी मांग हैं! पीसीबी के केन्द्रीय अनुबंध में शामिल खिलाड़ी दूसरे क्रिकेट बोर्ड की तुलना में वेतन चाहते हैं।इसके अलावा वे परिवार के लिए स्वास्थ बीमा और शिक्षा को लेकर भी पॉलिसी चाहते हैं।वहीं प्रायोजकों का मानना है कि आईसीसी के इवेंट से होने वाली कमाई में हिस्सेदारी के साथ ही विदेश लीग में हिस्सा लेने के लिए एनओसी जारी करने में और पारदर्शिता की जरुरत है।

## नोआ लाइल्स ने तोड़ा उसेन बोल्ट का रिकॉर्ड, जानें विश्व चैंपियन के बारे में पांच दिलचस्प तथ्य




नोआ लाइल्स ने मात्र 20 सेकंड से भी कम समय में सर्वाधिक 200 मीटर दौड़ को पूरा किया है।ये रिकॉर्ड अब तक उसेन बोल्ट के नाम था।ये उपलब्धि नोआ लाइल्स ने कुछ समय पूर्व ही हासिल की है।इस रिकॉर्ड के साथ ही नोआ लाइल्स चर्चा में आ गए है। नोआ लाइल्स ने 23 जुलाई को लंदन एथलेटिक्स मीट में लेट्साइल टेबोगो को हराकर 19.47 सेकंड के समय के साथ दौड़ जीती।200 मीटर में 20 सेकंड के अंदर यह उनकी 35वीं दौड़ थी।इस जीत के साथ वो 20 सेकेंड से कम समय में रेस जीतने के मामले में उसेन बोल्ट से आगे निकल गए है। 26 वर्षीय खिलाड़ी नोआ लाइल्स ने पहले ही विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में दोहरा प्रयास करने की योजना घोषित कर दी है।इस बार नोआ का लक्ष्य है कि वो चैंपियनशिप में जीत हासिल कर गोल्ड मेडल जीते। अगर उन्हें गोल्ड मेडल जीतने में सफलता मिलती है तो वो उसेन बोल्ट और एलिसन फेलिक्स के साथ मिलकर 200 मीटर में लगातार तीन गोल्ड मेडल जीतने वाले खिलाड़ियों की सूची में शामिल हो जाएंगे।बता दें कि उसेन बोल्ट ने चार बार जीत हासिल की, जबकि लाइल्स पहले ही 2019 और 2022 में जीत हासिल कर चुके हैं।

# बारिश के कारण चौथा टेस्ट ड्रॉ, ऑस्ट्रेलिया के पास बरकरार रही एशेज ट्रॉफी

**मैनचेस्टर (एजेंसी)।** बारिश ओर खराब मौसम के कारण यहां एशेज सीरीज का चौथा टेस्ट मैच हार-जीत के परिणाम के बिना ही समाप्त हो गया। इसी के साथ ही ऑस्ट्रेलियाई टीम एशेज ट्रॉफी को अपने पास बरकरार रखने में सफल रही है। इसका कारण है कि गत वर्ष उसने एशेज सीरीज जीती थी। इस सीरीज में अब एक मैच ही बचा है और इंग्लैंड टीम उसे जीतती भी है तो भी सीरीज ड्रॉ रहेगी। ऐसे में नियमों के अनुसार एशेज ट्रॉफी गत विजेता के पास ही रहती है। इंग्लैंड को चौथे टेस्ट में जीत के लिए पांच विकेट की जरूरत थी और ऑस्ट्रेलिया को मेजबान टीम को फिर से बल्लेबाजी के लिए मजबूर करने के लिए 61 रनों की जरूरत थी। बेन स्टोक्स की टीम के पास ये मैच जीतने का अवसर था पर बारिश के कारण पांचवें दिन कोई खेल नहीं हो पाने के कारण उन्हें जीत का मौका नहीं



मिला। यह पहली बार है कि स्टोक्स की कप्तानी में इंग्लैंड टीम ड्रॉ पर मजबूर हुई है। अब ऑस्ट्रेलियाई टीम के पास अंतिम मैच जीत के साथ ही 2001 के बाद पहली बार इंग्लैंड में सीरीज़ जीतने का अवसर है।

वहीं मेजबान इंग्लैंड अब 27 जून से ओवल में शुरू होने वाले पांचवें और अंतिम एशेज टेस्ट को जीतने और श्रृंखला को 2-2 से बराबरी पर लाने के इरादे पर उतरेगी।

मैनचेस्टर में बारिश ने शनिवार को चौथे दिन के खेल के दो सत्र बर्बाद कर दिए थे। वहीं अंतिम दिन मौसम खराब होने के अनुमान था जो सही साबित हुआ। आउटफील्ड पर बड़े-बड़े गड्ढे बनने लगे। बारिश के कारण पिच निरीक्षण स्थगित होने के कारण दोपहर का भोजन जल्दी लिया गया।

खेल शुरू होने की कुछ उम्मीद बनी और दोपहर एक बजे खेल शुरू होने की घोषणा की गई पर बारिश के कारण खेल फिर से बाधित हो गया। इसके बाद शाम को मैच ड्रॉ की घोषणा कर दी गयी।

## नोवाक जोकोविच ने टोरंटो टूर्नामेंट से नाम वापस लिया, जानें क्या रही वजह



टोरंटो। विम्लबडन फाइनल में कार्लोस अल्काराज से हारने के बाद नोवाक जोकोविच ने अतिरिक्त आराम के लिए नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट से भी नाम वापस ले लिया है।टेनिस कनाडा ने रविवार को घोषणा की कि जोकोविच थकान के कारण इस टूर्नामेंट में भाग नहीं लेंगे। 23 बार के ग्रैंडस्लैम चैम्पियन 36 वर्ष के जोकोविच को अमरीकी ओपन की तैयारी इस हार्डकोर्ट टूर्नामेंट से शुरू करनी थी।उन्हें पिछले रविवार को विम्बलडन फाइनल में अल्काराज ने पांच सेटों में हराया।चार बार नेशनल बैंक खिताब जीत चुके जोकोविच ने कहा, 'कनाडा में मुझे हमेशा अच्छा लगता है लेकिन अपनी टीम से सलाह लेने के बाद मैने तय किया कि यही फैसला सही है।% जोकोविच की जगह अब अमरीका के क्रिस्टोफर यूबैंक्स को मिली है जो विम्बलडन में अप्रत्याशित प्रदर्शन करके क्वार्टर फाइनल तक पहुंचे थे।

# भारतीय महिला और पुरूष टीमों की नजरें स्पेन में अच्छे प्रदर्शन पर

**लाहौर (एजेंसी)।** नई दिल्ली -भारतीय महिला और पुरूष हॉकी टीमें स्पेन के टेरासा में मंगलवार से शुरू हो रहे स्पेनिश हॉकी महासंघ की सौवीं वर्षगांठ वाले अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करने के इरादे से उतरेंगी। टूर्नामेंट में भारतीय पुरूष टीम का सामना इंग्लैंड, नीदरलैंड और मेजबान स्पेन से होगा जबकि महिला टीम इंग्लैंड और स्पेन से खेलेगी।

पुरूष टीम के लिए यह टूर्नामेंट तीन से 12 अगस्त तक चेन्नई में होने वाली हीरो एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी की तैयारी का सुनहरा अवसर है। उसके बाद चीन के हांगझोउ में एशियाई खेल होने हैं। भारतीय पुरूष टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा, 'स्पेन में टूर्नामेंट से हमें कठिन प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ खुद को आंकने का मौका मिलेगा। इससे हमें पता चलेगा कि किन क्षेत्रों में सुधार की जरूरत है जिससे एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी और एशियाई खेलों की तैयारी पुख्ता होगी।'

दूसरी ओर महिला टीम की कप्तान सविता ने कहा, 'स्पेन दौरे से हमें एशियाई खेलों की तैयारी में मदद मिलेगी। वहां फोकस रणनीति पर अमल करने और टीम भावना के साथ अच्छे प्रदर्शन पर होगा।' उन्होंने कहा, 'हम अपनी शैली में खेलेंगे लेकिन पिछले दौरे की कमियों की भरपाई भी करेंगे।'



## एआईएफएफ ने महिला फुटबॉल ओलंपिक क्वालीफायर के लिए संभावित खिलाड़ियों की घोषणा की




नयी दिल्ली।अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने इस साल होने वाले एएफसी महिला ओलंपिक क्वालीफायर के दूसरे दौर की टीम के चयन के लिए सोमवार को राष्ट्रीय शिविर में हिस्सा लेने वाली 34 खिलाड़ियों की घोषणा की। भारतीय महिला फुटबॉल टीम ने किर्गिस्तान को 5-0 और 4-0 से हराकर ओलंपिक क्वालीफायर के दूसरे दौर में जगह बनाई।भारत ताशकंद में होने वाले एएफसी महिला ओलंपिक क्वालीफायर के ग्रुप सी में 26 अक्टूबर को जापान, 29 अक्टूबर को वियतनाम और एक अक्टूबर को मेजबान उज्बेकिस्तान से भिड़ेगा। शिविर भुवनेश्वर में 30 जुलाई से शुरू होगा।संभावित खिलाड़ी इस प्रकार हैं।

गोलकीपर- सौम्या नारायणसामी, मेइबाम लिनथोइनगांबी देवी, श्रेया हुड्डा। डिफेंडर- लोइटोंगबम आशालता देवी, नगंगबम स्वीटी देवी, संजू, रितु रानी, सोरोखैबम रंजना चानू, मिशेल मार्गरेट कास्टन्हा, डालिमा छिब्बर, मनीषा पन्ना, अस्तम ओरांव, जूली किशन, सिल्की देवी, जाबामनी टुडु। मिडफील्डर- प्रियंगका देवी, अंजू तमांग, इंदुमती कथिरेसन, संगीता बासफोर, काजोल ह्यूबर्ट डिसूजा, आसिम रोजा देवी, कार्तिका अंगमुथु। फारवर्ड- डेंगमेई ग्रेस, सौम्या गुगुलोथ, मनीषा कल्याण, अपूर्णा नारजार, नेहा, सुमति कुमारी, रेनु, करिश्मा पुरूषोत्तम शिरवोइकर, संध्या रंगनाथन, प्यारी शाशा, ज्योति, नगंगोम बाला देवी।

# शफीक और अबरार के शानदार प्रदर्शन से पाकिस्तान ने बनाया दबदबा

**कोलंबो (एजेंसी)।** अबरार अहमद (69 रन पर चार विकेट) और नसीम शाह (41 रन पर तीन विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के दमदार प्रदर्शन के बाद अब्दुल्ला शफीक की आक्रामक पारी के दम पर पाकिस्तान ने दूसरे टेस्ट मैच के पहले दिन सोमवार को यहां श्रीलंका के खिलाफ अपनी स्थिति मजबूत कर ली। श्रीलंका की पहली पारी को 166 रन पर समेटने के बाद पाकिस्तान ने पहले दिन स्टंप्स तक दो विकेट पर 145 रन बना लिये। स्टंप्स के समय सलामी बल्लेबाज शफीक 74 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं और कप्तान बाबर आजम आठ रन बनाकर उनका साथ दे रहे हैं। दो मैचों की इस श्रृंखला में पाकिस्तान 1-0 से आगे है।

श्रीलंका की पारी को सस्ते में समेटने के बाद पाकिस्तान ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए शुरुआती ओवर में छह से अधिक की रन गति से रन बनाये। टीम ने 50 गेंद में 50 और 101 गेंद में रनों का शतक पूरा किया। शफीक ने इस दौरान 49 गेंद में अपने टेस्ट करियर का पांचवां अर्धशतक पूरा किया जबकि शान मसूद ने 44 गेंद में अपना पचासा जड़ा। असिता फर्नांडो ने पारी के तीसरे ओवर में इमाम उल हक (छह) को आउट करने के बाद अपने दूसरे स्पैल मे मसूद को चलता किया। मसूद ने 47 गेंद की पारी में चार चौके और एक छक्के की मदद से 51 रन बनाये। उन्होंने दूसरे विकेट के लिए शफीक के साथ 108 रन की तेज तर्रार साझेदारी की। शफीक जब 42 रन पर थे तब प्रभात जयसूर्या ने अपनी ही गेंद पर उनका कैच टपका कर जीवन दान दिया। उन्होंने अब तक 99 गेंद की नाबाद पारी में सात चौके और दो छक्के लगाये हैं।

इससे पहले टॉस जीतकर बल्लेबाजी का श्रीलंका का फैसला गलत साबित हो गया। बारिश के कारण मैच एक घंटा विलंब से शुरू हुआ लेकिन शुरू होते ही सलामी बल्लेबाज निशान मदुशंका (4) तीसरे ओवर में रन आउट हो गए। कप्तान दिमुथ करूणारत्ने ने शाहीन अफरीदी की गेंद कवर में खेली और रन लेने के लिये दौड़े लेकिन शान मसूद के थ्रो ने गिल्लियां बिखेर दी जबकि मदुशंका क्रीज तक नहीं पहुंचे थे। कुसल मेंडिस छह रन बनाकर अफरीदी की गेंद पर कवर में कैच दे बैठे। नसीम शाह ने एंजेलो मैथ्यूज (नौ) और करूणारत्ने (17) को लगातार दो ओवरों में आउट किया। श्रीलंका ने 36 रन पर चार विकेट गंवा दिये थे। धनंजय डिसिल्वा और दिनेश चांदीमल ने पांचवें विकेट के लिए 85 रन की साझेदारी करके श्रीलंका को मैच में



वापसी कराने की कोशिश की। नसीम ने श्रीलंका के पूर्व कप्तान चांदीमल को 34 रन पर आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। डिसिल्वा 57 रन बनाकर अबरार का शिकार बने। इन दोनों की साझेदारी टूटने के बाद पाकिस्तान के गेंदबाज फिर से मैच पर हावी हो गये। रमेश मेंडिस (27) ने पुछल्ले बल्लेबाजों के साथ टीम के स्कोर को 160 के पार पहुंचाया।

# अनुभव सिन्हा की फिल्म में साथ आएंगे राजकुमार और वाणी





निर्माता अनुभव सिन्हा ने कई हिट फिल्में दी हैं। जिनमें आर्टिकल 15, मुल्क, थप्पड़ और भेड़ जैसी अपनी हिट फिल्में शामिल हैं। अनुभव सिन्हा अब अपने बैनर, बनारस मीडिया वर्क्स के तहत प्रोजेक्ट्स की एक नई सीरीज तैयार करना शुरू कर दिया है। फिलहाल अनुभव सिन्हा चार प्रोजेक्ट्स पर काम कर रहे हैं। हालांकि, अभी इन प्रोजेक्ट्स से जुड़ी ज्यादा जानकारी नहीं है। लेकिन इनमें से एक में राजकुमार राव और वाणी कपूर हैं। अनुभव सिन्हा बचपन का प्यार नाम से एक छोटे शहर की प्रेम कहानी का निर्माण कर रहे हैं, और इसमें राजकुमार राव और वाणी कपूर मुख्य भूमिका में होंगे। यह लखनऊ में स्थापित एक अनोखी प्रेम कहानी है और इसका निर्देशन अपूर्व धर बडगइयां करेंगे, जिन्होंने पहले जितेंद्र कुमार–स्टारर रोमांटिक कॉमेडी चमन बहार का निर्देशन किया था। राजकुमार और वाणी दोनों ने फिल्म साइन कर ली है और अगले महीने किसी समय इसकी शूटिंग शुरू करेंगे। जहां इस फिल्म के जरिए वाणी कपूर पहली बार अनुभव सिन्हा के साथ पहली बार काम करेंगे। वहीं राजकुमार राव का यह तीसरी बार होगा कि वह अनुभव सिन्हा के साथ काम कर रहे हैं। राजकुमार–वाणी की फिल्म के अलावा अनुभव सिन्हा एक और प्रेम कहानी का निर्माण कर रहे हैं, जिसका निर्देशन सुधीर मिश्रा करेंगे। दोनों फिल्म निर्माता श्रीलाल शुक्ला के राजनीतिक व्यंग्य उपन्यास, राग दरबारी और कोरोना वायरस महामारी पर एक संकलन की वेब सीरीज रूपांतरण पर भी एक साथ काम कर रहे हैं। बी पॉजिटिव नाम की इस संकलन का निर्देशन अनुभव सिन्हा, सुधीर मिश्रा, हंसल मेहता और केतन मेहता ने किया है और इस साल के अंत में ओटीटी प्लेटफॉर्म पर इसका प्रीमियर होने की उम्मीद है। इन प्रोजेक्ट्स के अलावा, सिन्हा द्वारा अक्टूबर 2023 में अपनी अगली निर्देशित फिल्म शुरू करने की भी उम्मीद है। वहीं, नेटफ्लिक्स इंडिया की बड़े पैमाने की हाईजैक ड्रामा सीरीज, आईसी 814 का फिल्मांकन कर रहे हैं, जिसमें विजय वर्मा, नसीरुद्दीन शाह और पंकज कपूर सहित अन्य कलाकार हैं।



# जरा हटके जरा बचके की सफलता के बाद सारा ने खरीदा नया ऑफिस स्पेस


**भगवान शिव की भक्त सारा ने हाल ही में अमरनाथ का दौरा किया और पवित्र गुफा मंदिर में पूजा-अर्चना की। इसके बाद सारा ने इंस्टाग्राम पर यात्रा का वीडियो भी शेयर किया। सारा फिलहाल विक्की कौशल के साथ आई मूवी जरा हटके जरा बचके की सफलता का आनंद ले रही हैं। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन किया और दर्शकों के बीच इसकी सराहना की गई।**

अब सारा अपने आने वाले प्रोजेक्ट्स में बिजी हो गई हैं। सारा अनुराग बसु की मेट्रो...इन डिनो नाम की फिल्म में नजर आएंगी। इसके अलावा वे होमी अदजानिया की फिल्म मर्डर मुबारक में काम करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। एक्ट्रेस सारा अली खान ने कुछ ही समय में फिल्म इंडस्ट्री में अपना खास स्थान बना लिया है। उनकी एक्टिंग जितनी अच्छी है उतनी ही वे अपने व्यवहार के कारण भी फैंस के दिलों में बस गई हैं। सारा कई प्रोड्यूसर–डायरेक्टर की पहली पसंद हैं। सारा ने हाल ही में मुंबई में लोटस डेवलपर्स ग्रुप के लोटस सिग्नेचर बिल्डिंग में नया ऑफिस स्पेस खरीदा है। निर्माता आनंद पंडित लोटस ग्रुप के मालिक हैं। रियल एस्टेट वेबसाइट

की कीमत 1.01 करोड़ रुपए से लेकर 1.46 करोड़ के बीच हो सकती है। इसमें रजिस्ट्री चार्ज शामिल नहीं है। यह बिल्डिंग

बिल्डिंग दिसंबर 2025 तक लोगों को हैंडओवर कर दी जाएगी। फैंस में सारा को लेकर जबरदस्त क्रेज है और जब उन्हें एक्ट्रेस के इस कदम का पता चला तो वे सोशल मीडिया पर कमेंट करने के लिए उमड़ पड़े। आईए देखते हैं यूजर्स ने क्या–क्या लिखा बढ़ती रहो सारा। तुम्हें और अधिक सफलता मिले सारा। बहुत बधाई हो आपको सारा! आप इसी तरह खूब तरक्की करती रहें। हालांकि कुछ यूजर्स ने सारा पर तंज भी कसा। एक यूजर ने लिखा कि इंटरनेशनल रोमिंग पैक का रिचार्ज रोककर बचाए पैसों से आप इस

स्ट्रीट शॉपिंग कर आपने इतने पैसे बचा लिए कि यहां अपार्टमेंट लेकर इनवेस्ट किया। गौरतलब है कि पिछले दिनों सारा को मुंबई के बांद्रा में स्ट्रीट शॉपिंग करते हुए स्पॉट किया गया था। सारा आम लोगों की तरह बाजार से सामान खरीद रही थीं।



# बचपन का प्यार लेकर आ रहे हैं अनुभव सिन्हा

निर्माता अनुभव सिन्हा ने कई हिट फिल्में दी हैं। जिनमें आर्टिकल 15, मुल्क, थप्पड़ और भेड़ जैसी अपनी हिट फिल्में शामिल हैं। अनुभव सिन्हा अब अपने बैनर, बनारस मीडिया वर्क्स के तहत प्रोजेक्ट्स की एक नई सीरीज तैयार करना शुरू कर दिया है। फिलहाल अनुभव सिन्हा चार प्रोजेक्ट्स पर काम कर रहे हैं। हालांकि, अभी इन प्रोजेक्ट्स से जुड़ी ज्यादा जानकारी नहीं है। लेकिन पिंकविला ने खुलासा किया है कि इनमें से एक में राजकुमार राव और वाणी कपूर हैं। अनुभव सिन्हा बचपन का प्यार नाम से एक छोटे शहर की प्रेम कहानी का निर्माण कर रहे हैं, और इसमें राजकुमार राव और वाणी कपूर मुख्य भूमिका में होंगे। यह लखनऊ में स्थापित एक अनोखी प्रेम कहानी है और इसका निर्देशन अपूर्व धर बडगइयां करेंगे, जिन्होंने पहले जितेंद्र कुमार–स्टारर रोमांटिक कॉमेडी चमन बहार का निर्देशन किया था। राजकुमार और वाणी दोनों ने फिल्म साइन कर ली है और अगले महीने किसी समय इसकी शूटिंग शुरू करेंगे। जहां इस फिल्म के जरिए वाणी कपूर पहली बार अनुभव सिन्हा के साथ पहली बार काम करेंगे। वहीं राजकुमार राव का यह तीसरी बार होगा कि वह अनुभव सिन्हा के साथ काम कर रहे हैं। राजकुमार–वाणी की फिल्म के अलावा अनुभव सिन्हा एक और प्रेम कहानी का निर्माण कर रहे हैं, जिसका निर्देशन सुधीर मिश्रा करेंगे।



# भाबीजी घर पर हैं फेम सौम्या टंडन ने हासिल की बड़ी उपलब्धि

राज्यपाल ने चैंपियंस ऑफ चेंज मध्य प्रदेश से किया सम्मानित

टीवी सीरियल भाबीजी घर पर हैं से घर घर अपनी खास पहचान बनाने वाली एक्ट्रेस सौम्या टंडन ने हाल ही में बड़ी उपलब्धि हासिल की है। उन्हें चैंपियंस ऑफ चेंज मध्य प्रदेश से सम्मानित किया गया है। मध्य प्रदेश के राज्यपाल मंगूभाई छगनभाई पटेल ने उनको इस अवार्ड से सम्मानित किया है। यह खुशी का पल एक्ट्रेस ने फैंस के साथ सोशल मीडिया पर शेयर किया है। सौम्या ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वह ब्लू नेट शिफॉन साड़ी में राज्यपाल से पुरस्कार लेती नजर आ रहीं हैं। राज्यपाल अपने हाथों में एक्ट्रेस को चैंपियंस ऑफ चेंज मध्य प्रदेश से सम्मानित कर रहे हैं। बता दें, चैंपियंस ऑफ चेंज मध्य प्रदेश पुरस्कार उन हस्तियों को दिया जाता है जो अपने काम और उपलब्धियों से समाज पर सकारात्मक असर डालते हैं। इस पुरस्कार के लिए बाकायदा एक ज्यूरी नाम तय करती है। सौम्या टंडन का परिवार भोपाल का रहने वाला है, ऐसे में उनको इस साल इस अवार्ड के लिए चुना गया है।



# मुंबई से गोवा जा रहीं उर्फी जावेद के साथ फ्लाइट में हुई छेड़छाड़

टीवी एक्ट्रेस उर्फी जावेद हमेशा सुर्खियों में बनी रहती हैं। एक्ट्रेस आए दिन कुछ न कुछ ऐसा कर देती हैं जो उर्फी को चर्चा का विष्य बना देता है। उर्फी बेहद बॉल्ड और बेबाक एक्ट्रेस हैं। अपनी बात को लोगों के सामने खुलकर कहने की हिम्मत रखती हैं। लेकिन अब एक्ट्रेस के साथ कुछ ऐसा हो गया है जिस कारण उर्फी एक बार फिर लाइमलाइट में हैं। दरअसल उर्फी ने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर करते हुए बताया कि एक्ट्रेस फ्लाइट में इकोनॉमी क्लास में सफर कर रही थीं और तभी नशे में धुत कुछ लड़कों ने एक्ट्रेस के साथ छेड़छाड़ करनी शुरू कर दी। उर्फी का कहना है कि वो पब्लिक फिगर हैं इसका मतलब ये नहीं कि वो पब्लिक प्रॉपर्टी हैं। इस घटना के बाद एक्ट्रेस काफी गुस्से में हैं। उर्फी जावेद मुंबई एयरपोर्ट पर स्पॉट हुई थीं। एक्ट्रेस छुट्टियां बिताने गोवा जा रहीं थीं, इस दौरान फ्लाइट में उर्फी के साथ कुछ लड़कों ने उनपर कमेंट्स करने शुरू कर दिए। एक्ट्रेस ने उन लड़कों का वीडियो इंस्टाग्राम स्टेरीज पर शेयर किया।

# टीवी के बाद रतन राजपूत ने साउथ इंडस्ट्री का किया पर्दाफाश



छोटे पर्दे के चर्चित शो अगले जनम मोहे बिटिया ही कीजो से घर–घर में अपनी पहचान बनाने वालीं रतन राजपूत फिलहाल पर्दे से दूर हैं। वहीं एक्ट्रेस अब सोशल मीडिया पोस्ट्स और व्लॉग के जरिए फैंस के साथ जुड़ती नजर आती हैं। बीते दिनों रतन ने टीवी इंडस्ट्री में होने वाले कास्टिंग काउच का कच्चा–चिट्ठा खोलकर हर किसी को हैरान कर दिया था। वहीं, अब उन्होंने साउथ इंडस्ट्री का काला सच उजागर किया है। साथ ही अपने ताजा बयान को लेकर हेडलाइंस का हिस्सा बन गई हैं। रतन राजपूत ने अपने हालिया इंटरव्यू में बताया है कि लोग साउथ इंडस्ट्री को काफी आदर्शवादी समझते हैं, लेकिन वहां भी कास्टिंग काउच काफी ज्यादा प्रचलित है। रतन ने दावा किया है कि जब वह लाली की भूमिका में नजर आ रही थीं, तब उन्हें काम के लिए साउथ इंडस्ट्री से कई कॉल आए थे। हालांकि, उन कॉल पर एक्ट्रेस से कॉम्प्रोमाइज करने के लिए कहा गया था। रतन ने उन दिनों को याद करते हुए साउथ इंडस्ट्री के काले सच का पर्दाफाश करते हुए कहा, मुझे साउथ से कई फोन आते थे, कुछ बहुत अच्छे निर्देशकों से, लेकिन इसके साथ ही वे कहते थे कि रतन जी आपको थोड़ा वजन बढ़ाना होगा, आप बहुत पतली हैं। एक्ट्रेस ने साफ किया कि वह इस मांग पर सहमत हो गई थीं, लेकिन फिर उनसे कॉम्प्रोमाइज करने को कहा गया। रतन ने अपनी बात को जारी रखते हुए आगे कहा, तब उस व्यक्ति ने कहा कि आप यहां के नियमों को पहले से ही जानती हैं। मैंने उनसे इसके बारे में पूछा तो उन्होंने कहा कि आप जानती हैं कि इंडस्ट्री में डायरेक्टर, प्रोड्यूसर और एक्टर (केवल लीड) और डीओपी भी हो सकते हैं। मैंने उनसे सीधे पूछा कि इसके बारे में क्या है, और फिर उन्होंने कहा कि आप जानती हैं, यहां आपको समझौता करना होगा। रतन राजपूत ने दावा किया कि उन्होंने इस प्रस्ताव को ठुकरा दिया और कहा कि आज तक उन्हें साउथ से कोई प्रस्ताव नहीं मिला है, जहां उन्हें समझौता करने के लिए नहीं कहा गया हो। रतन ने कहा, लोग बॉलीवुड के बारे में जो बात कर रहे हैं, वही साउथ में भी होता है। टॉलीवुड अभी भी अच्छा काम कर रहा है, इसका कारण यह है कि वे अभी भी अपनी संस्कृति, रीति–रिवाजों, कपड़ों और हर चीज का सम्मान करते हैं।

# रॉनी स्क्रूवाला का बॉलीवुड पर कटाक्ष

## दर्शकों को हल्के में लेने पर भड़के प्रोड्यूसर



बॉलीवुड इंडस्ट्री को बॉक्स ऑफिस पर कठिन समय का सामना करना पड़ रहा है। जब से दुनिया में कोरोना महामारी आई, एक्टर्स और मेकर्स के लिए बॉक्स ऑफिस पर छाप छोड़ना मुश्किल हो गया। वर्ष 2021–22 के बाद, द कश्मीर फाइल्स, सूर्यवंशी, ब्रह्मास्त्र और पठान जैसी फिल्में अपना जादू चलाने में सफल रहीं, लेकिन राम सेतु, लाल सिंह चड्ढा, विक्रम वेधा और रक्षाबंधन जैसी कई बिग बजट फिल्मों ने टिकट काउंटर पर दम तोड़ दिया, और फ्लॉप की लिस्ट में शामिल हो गईं। इसी पर अब मशहूर प्रोड्यूसर रॉनी स्क्रूवाला ने अपने विचार व्यक्त करते हुए बॉलीवुड इंडस्ट्री पर कटाक्ष किया है। रॉनी स्क्रूवाला ने हालिया इंटरव्यू में बॉलीवुड पर कटाक्ष करते हुए कहा कि इंडस्ट्री अब अपना सार खो रही है, और दर्शकों को सिनेमाघरों तक खींचने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। रॉनी स्क्रूवाला ने दर्शकों को हल्के में लेने के लिए अन्य बॉलीवुड फिल्म निर्माताओं को आड़े हाथों लिया। इंटरव्यू में रॉनी स्क्रूवाला से पूछा गया कि बॉलीवुड ने अपना आकर्षण क्यों खो दिया है, तो उन्होंने कहा, मैं निर्णायक नहीं बनना चाहता, लेकिन मुझे लगता है कि हमने यहां अपने दर्शकों को हल्के में लिया है, और यही समस्या है। रॉनी स्क्रूवाला ने अपनी बात में आगे जोड़ा, जब आप ऐसे लोगों के साथ होते हैं, जो आपके लिए वाक्य पूरा करते हैं, तो यह सबसे खतरनाक जगह होती है। हर बैठक में, कोई आपके लिए वाक्य पूरा कर रहा होता है, और आप बाहर जाकर कहते हैं क्या संस्कृति है। रॉनी यहीं नहीं रुके और उन्होंने आगे कहा, क्षमा करें, लेकिन विविधता कहां है? बाहर क्या हो रहा है? आप इस भाग को कैसे समझेंगे? आपको कौन चुनौती देगा? आप अपनी ही दुनिया में हैं, आप ला ला लैंड में हैं। आपको ला ला लैंड से बाहर निकलने की जरूरत है।